दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। सोमवार 02 जून-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 163 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3







### पूर्वोत्तर में बारिश से हालात बदतर

## मदद के लिए मोदी सरकार चट्टान की तरह खड़ी : शाह



**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत में बारिश से हाल बेहाल है। यहां चरम मौसमी स्थितियों से उपजे हालातों में 14 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। जहां बाढ़ के कारण असम में ही करीब 78 हजार लोग प्रभावित हुए हैं वहीं, अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर के चार राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से बात कर हालात की जानकारी ली है।

**गृहमंत्री ने ली हालात की जानकारी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर बताया है कि असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है।

**असम सबसे ज्यादा प्रभावित :** गौरतलब है कि भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं।

# पुलिस ऑफिस का कैफेटेरिया 'हीट' को करेगा 'बीट'

### टेस्ट और हेल्थ का भी रखा जाएगा ख्याल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की मुख्य बिल्डिंग में आने वाले फरियादियों ,पुलिसकर्मियों और यहां तैनात अधिकारियों को अब कड़क चाय पीने बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही उनको अपने कार्यस्थल पर ही कोल्ड कॉफी, हॉट ग्रीन टी के साथ ही हेल्दी फूड खाने के लिए आसपास के होटल या कैंटीन नहीं जाना पड़ेगा। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की मुख्य बिल्डिंग के प्रथम तल पर बना रहे कैफेटेरिया को बेहद हाईटेक रूप में बनाया जा रहा है।

जहां पुलिसकर्मियों और पुलिस के अधिकारियों के बैठने के लिए अलग से स्थान रहेगा। तो वहीं यहां पर नामी कंपनी के आउटलेट से भी इसे जोड़ने का अभियान चल रहा है। यह सफल रहा तो यहां पुलिसकर्मियों के साथ ही आने वाले लोगों को भी बेहतर खाने-पीने का सामान उचित रेट पर मिलेगा और वह यहां कड़क चाय, हॉट कॉफी, लेमन टी और कोल्ड कॉफी का लुफ्त ले सकेंगे।

### हाईटेक अंदाज में बनाया जा रहा है पुलिस ऑफिस में कैफेटेरिया





#### पुलिस ऑफिस में बन रहा कैफेटेरिया रहेगा बेहद खास

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ऑफिस के प्रथम तल पर बन रहे कैफेटेरिया को बेहद हाईटेक रूप में बनाया जा रहा है। यहां शानदार लाइटिंग होगी, तो इस एयर कंडीशन से इसे लैस किया जा रहा है। दीवारों पर रंगीन पेंटिंग नजर आएगी, तो इसका लुक किसी फाइव स्टार और कॉरपोरेट लुक कैफेटेरिया से कम नहीं रहने वाला है। इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस ऑफिस में इसे बनाने के लिए दिन-रात मेहनत से काम चल रहा है, जहां बेहतर लाइटिंग और आकर्षण फर्नीचर वर्क किया जा रहा है ताकि यह दूर से देखने में आकर्षित लगे और यहां लजीज चाय- नाश्ते का प्रबंध रहे।

#### लाइटिंग से लेकर म्यूजिक का रहेगा प्रबंध

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ऑफिस के प्रथम स्थल पर जो कैफेटेरिया बनाया जा रहा है, उसमें लाइटिंग के साथ ही लाइट म्यूजिक का भी इंतजाम रहेगा। जहां लोग थकान एवं परेशानी को कम कर सके। इसके साथ ही इसे वातानुकूलित बनाया जा रहा है ताकि इसका लाभ आने वाले लोगों को भी मिल सके। वहीं इसमें पुलिस के पूर्व अधिकारियों की कुछ यादगार तस्वीरें भी लगाई जाएंगी।

#### स्वादिष्ट भोजन और सैंडविच- परांठे जैसे स्नैक्स मिलेंगे

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों का प्रयास रहेगा कि इसको कई तरह के पकवानों से लैस किया जाए। साथ ही किफायती दामों पर उपलब्ध हों। हालाँकि, सबसे दिलचस्प बात इसकी लोकेशन है, पुलिस मुख्यायल के साथ ही यहां से कचहरी और जिला मुख्यालय पास में ही बना हुआ है। साथ ही जब यह बेहतर ढंग से चलेगा तो इसे सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर शेयर किया जाएगा। अधिकारियों का प्रयास है कि इसमें आम आगंतुक और शिकायतकर्ता आने लगे हैं।

## बसपा मेरठ मंडल प्रभारी पद से हटाए गए मुनकाद अली, जाफर मलिक को जिम्मेदारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बसपा संगठन में फेरबदल का सिलसिला थम नहीं रहा है। पार्टी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर से संगठन में फेरबदल किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने मेरठ मंडल प्रभारी के पद से पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली को हटा दिया है। उनके स्थान पर जाफर मलिक को मेरठ मंडल का प्रभारी बनाया गया है। मेरठ मंडल के दो अन्य प्रभारी मोहित आनंद और कमल सिंह जाटव को यथावत रखा गया है। पूर्व सांसद मुनकाद अली को मेरठ मंडल के प्रभारी पद से हटाने के फैसले को बसपा में चर्चाओं का बाजार गर्म है। कहा जा रहा है कि पूर्व सांसद मुनकाद अली पार्टी के अंदर चल रही राजनीति के शिकार हो गए हैं। मेरठ मंडल में संगठन के कार्यों को लेकर पार्टी का एक मजबूत धड़ा मुनकाद अली के विरोध में खुलकर सामने आ गया था। सूत्रों का कहना है कि इस धड़े ने पार्टी अध्यक्ष मायावती और राष्ट्रीय चीफ कोर्डिनेटर आकाश आनंद से मुनकाद अली की शिकायत की थी। विरोध को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने मुनकाद अली को मेरठ मंडल से हटाकर उनके स्थान पर जाफर मलिक को मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। जाफर मलिक कई अन्य मंडलों के प्रभारी रहे चुके हैं। मेरठ मंडल के तीन प्रभारियों के जिम्मे छह जिले है। इन जिलों में गाजियाबाद, बागपत, मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्धनगर और बुलंदशहर है।





#### जल्द ही होगी समीक्षा बैठक

करंट क्राइम। बसपा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने कहा कि मेरठ मंडल के नए प्रभारी बनाए गए जाफर मलिक जल्द ही गाजियाबाद में संगठन की समीक्षा बैठक लेंगे। वे काफी अनुभवी पदाधिकारी है। उनके नेतृत्व में मेरठ मंडल के सभी जिलों में संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। गाजियाबाद महानगर में बूथ और सेक्टर कमेटियों का गठन लगभग पूरा कर लिया गया है।

#### बसपा में फेरबदल का इतिहास रहा

करंट क्राइम। बसपा संगठन में फेरबदल का पुराना इतिहास रहा है। अभी हाल ही में बसपा अध्यक्ष मायावती ने आकाश आनंद को सभी पदों से हटा दिया था। फिर बाद में उन्हें राष्ट्रीय चीफ कोर्डिनेटर बना दिया। साथ ही, आकाश आनंद को चुनावी रणनीति प्रचार तय करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। मेरठ मंडल में समशुद्दीन राइन को भी कई बाद पद से हटाने के बाद फिर से जिम्मेदारी दी गई थी। गाजियाबाद जिलाध्यक्ष पद पर भी पहले दयाराम सैन को नियुक्त किया गया था। उसके बाद नरेंद्र मोहित को जिम्मेदारी दी गई। कुछ दिनों बाद नरेंद्र मोहित से जिम्मेदारी लेकर दयाराम सैन को फिर से जिलाध्यक्ष बना दिया गया। इसके कुछ ही दिनों बाद एक बार फिर से नरेंद्र मोहित को जिलाध्यक्ष बना दिया गया।

#### कुलदीप ओके का कद घटा



करंट क्राइम। पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गाजियाबाद जिला प्रभारी रहे कुलदीप ओके के कद को भी घटा दिया है। पार्टी अध्यक्ष ने कुलदीप ओके को जिला प्रभारी पद से हटाकर महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। कुलदीप ओके अब महानगर अध्यक्ष पी एन गर्ग के अधीन पार्टी में कार्य करेंगे। कुलदीप ओके की जगह अब हरवीर सिंह को गाजियाबाद जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुलदीप ओके को लेकर पार्टी में विवाद का लंबा इतिहास रहा है।

## थानों में लगाई अपराधियों ने अटेंडेंस

### अब 10 साल के अपराधियों का तैयार होगा पूरा डेटा, एक क्लिप पर मिलेगा पूरा रिकॉर्ड

**- रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थानों में पहुंचे अपराधी**
**- थाना प्रभारियों ने दिलाई अपराध नहीं करने की शपथ**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अलग-अलग अपराध करने वाले अपराधियों का 10 साल का डाटा तैयार किया जा रहा है। जो एक क्लिक पर मिलेगा। इसके साथ ही किस थानाक्षेत्र में कितने बदमाश रह रहे हैं। इसकी भी गिनती शुरू कर दी गई है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में एक पूरा डाटा बैंक तैयार किया जाएगा। जिसमें गैंगस्टर से लेकर हिस्ट्रीशीटर और शातिर अपराधियों से लेकर चोरों का पूरा रिकॉर्ड होगा।

बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा गाजियाबाद के अलग-अलग अपराध रिकार्ड को एकत्रित करने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। जिसके तहत रविवार को कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन के थानों में पुलिसकर्मी पहुंचे, जहां उनका रिकॉर्ड जुटाने का अभियान शुरू कर दिया गया है।

#### वर्तमान पते से लेकर शिक्षा और आर्थिक स्थिति की भी ली गई जानकारी



करंट क्राइम : रविवार को अलग-अलग थानों में पहुंचे अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का पुलिस ने अब पूरा रिकॉर्ड यानी डोर्जियर बनाने का अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत अलग-अलग थानों में अपराधियों ने हाजिरी लगाई। तो उनका नाम, पता वर्तमान स्थिति उनपर कितनी संपत्ति है। वर्तमान में वह अपने जीवन यापन के लिए क्या कर रहे हैं, जैसी महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित करते हुए उनके साइन फोटो और परिवार वालों के बारे में भी जानकारी जुटा गई है ताकि किसी भी घटना एवं महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सके। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों का कहना है कि ऐसा करने से पुलिस को एक क्लिक में बदमाशों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का पूरा रिकॉर्ड मिल जाएगा। इसका लाभ आने वाले दिनों में गाजियाबाद बीट पुलिसिंग और अन्य किसी बड़े अपराध के होने के समय भी काम में आएगा।

#### थानों में 40 दिन के अंदर दोबारा दिलाई गई अपराध ना करने की शपथ



करंट क्राइम : रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, देहात और नदिया पार वाले जोन के कुल दो दर्जन थानों में अपराधियों को चेन ना लूटने, चोरी ना करने, गोकशी ना करने और गंभीर अपराध को कारित नहीं करने और पुलिस का सहयोग एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाली रखने की शपथ दिलाई गई है। बता दें की गाजियाबाद में नए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ के आने के बाद 40 दिन के भीतर यह शपथ अपराधियों को दिलाने वाला दूसरा कार्यक्रम रहा है। रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले अलग-अलग थानों में सैकड़ो की संख्या में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को अपराधना कारित नहीं करने की शपथ दिलाई गई है।

#### क्राइम कंट्रोल करने का कमिश्नर जे रविंदर गौड़ का रहा है अलग अंदाज

करंट क्राइम : आईपीएस अधिकारी जे रविंदर गौड़ इससे पहले मेरठ, मुरादाबाद ,बरेली और आगरा जैसे बड़े शहरों में पुलिसिंग का बेहतर नजारा प्रस्तुत कर चुके हैं। तो वहीं अपराध नियंत्रण को लेकर भी वह अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। जिसकी उत्तर प्रदेश पुलिस महकमें में चर्चा रहती है। आईपीएस जे रविंदर गौड़ लगातार गाजियाबाद में कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के साथ ही अपराध नियंत्रण करने के अभियान शुरू कर रहे हैं। देखना होगा कि इसका आने वाले समय में गाजियाबाद में कितना असर देखने को मिलता है।

#### 1886 अपराधियों ने ली अपराध ना करने की शपथ



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलग-अलग थानों में जहां अपराधियों ने अपराध ना करने की शपथ ली। तो इसमें सिटी जोन के अंदर 309 बदमाश ऐसे रहे, जिन्होंने अपराध ना करने की शपथ ली। इसमें घंटाघर कोतवाली में 44, विजयनगर में 85, सिहानी गेट में 46, नंदग्राम में 74, बापूधाम में 25 और कवि नगर थानाक्षेत्र में 35 आरोपी शामिल रहे। तो वहीं ट्रांस हिंडन जोन में 380 ऐसे अपराधिक किस्म के लोग रहे, जिन्होंने शपथ ली। इसमें इंदिरापुरम थाने में 50, कौशांबी में 25, साहिबाबाद में 80, लिंक रोड में 60, टीलामोड़ में 65, शालीमार गार्डन में 40 और खोड़ा में कुल 60 लोगों ने अपराध ना करने की शपथ खाई है। वहीं ग्रामीण जोन में 1197 लोगों ने अपराध ना करने की शपथ खाई है। जिसमें लोनी बॉर्डर 41, अंकुर विहार 35, लोनी 395, ट्रोनिका सिटी 68, मसूरी 134, मुरादनगर 85, मोदीनगर 195, भोजपुर 170, निवाड़ी 42, वेव सिटी 87 और क्रॉसिंग रिपब्लिक 42 अपराधियों का सत्यापन किया गया है।

## सेना ने शौर्य और पराक्रम से देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा किया है: राजनाथ सिंह

### वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह ने रक्षा मंत्री से मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर दी बधाई



गाजियाबाद, करंट क्राइम। करंट क्राइमः उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार एस पी सिंह ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी। सरदार एसपी सिंह ने दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात कर रक्षामंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

मुलाकात के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने अपने शौर्य से सभी देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा किया है। पाकिस्तान को मुंहतोड़ करारा जवाब दिया है। आतंकवाद के खिलाफ आपरेशन सिन्दूर जारी रहेगा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सरदार एसपी सिंह के साथ गाज़ियाबाद की की। सरदार एसपी सिंह ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डों को ध्वस्त किया। इसके बाद पाकिस्तान के हवाईअड्डों को निशाना बनाया।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता सेना के शौर्य और पराक्रम के साथ सरकार के नेतृत्व की गाथा है।

# मणिपुर में तबाही की बारिश, 883 घर क्षतिग्रस्त और 3802 लोग प्रभावित

## मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने इंफाल शहर के कई जलमग्न इलाकों का किया दौरा






### सेना और असम राइफल्स के जवानों ने जलमग्न इलाकों से करीब 800 लोगों को बचाया

**इंफाल:** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में भारी बारिश ने कहर बरपाया। पिछले 48 घंटों में राज्य भर में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 3,802 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही 883 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बताया जाता है कि राज्य की राजधानी इंफाल के कई इलाके और इंफाल पूर्वी जिले के कई हिस्से जलमग्न हो गए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई तटबंध टूट गए।

मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने इंफाल शहर के कई जलमग्न इलाकों का दौरा किया। इस बीच सेना और असम राइफल्स के जवानों ने सबसे अधिक प्रभावित जिले इंफाल ईस्ट में जलमग्न इलाकों से करीब 800 लोगों को बचाया।

राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि भल्ला ने मुख्य सचिव पीके सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रभावित इलाकों का दौरा किया।

जानकारी के अनुसार अधिकारियों ने इंफाल में कांगला नोंगपोक थोंग, लैरिक्येंगबाम लेइकाई और सिंगजामेई ब्रिज का दौरा किया और समग्र स्थिति का आकलन किया। राज्य में बाढ़ और भूस्खलन के परिणामस्वरूप पिछले 48 घंटों में कम से कम 3802 लोग प्रभावित हुए हैं और 883 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

शनिवार शाम तक कुल 3,275 इलाके या गांव भारी बारिश की चपेट में आ चुके थे। दो लोग घायल भी हुए हैं। 64 जानवरों की मौत की खबर है। अब तक राज्य भर में कुल 12 भूस्खलन हुए हैं। चेकोन इलाके में इंफाल नदी के उफान पर आने के बाद ऑल इंडिया रेडियो इंफाल परिसर और सरकारी जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान समेत कई कार्यालयों और प्रतिष्ठानों के परिसर में जलभराव की खबर है।



रविवार को इंफाल पूर्वी जिले में इरिल नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया, लेकिन अभी तक तटबंधों को नहीं तोड़ा है। स्थानीय लोग और अधिकारी तटबंधों को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। चेकोन और वांगखेई में जलस्तर रविवार सुबह कम हो गया, लेकिन खुरई और हेइंगंग निर्वाचन क्षेत्रों में स्थिति जस की तस बनी हुई है। ये इलाके शनिवार को जलमग्न हो गए थे।

राजभवन के बयान में कहा गया है कि यात्रा के दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को नदी की स्थिति पर बारीकी से नजर रखने और एहतियाती उपाय लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही, प्रभावित लोगों के लिए निकासी और अस्थायी राहत उपायों की व्यवस्था करने के लिए उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ इकाइयों को भी सतर्क कर दिया गया है।

#### जानवरों की भी हुई मौत

एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार तक कुल 3275 इलाके या गांव भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं। दो लोग घायल भी हुए हैं और 64 जानवरों की मौत भी हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक कुल 12 भूस्खलन हुए हैं।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि चेकोन क्षेत्र में इंफाल नदी के उफान पर आने के बाद ऑल इंडिया रेडियो इंफाल परिसर और सरकारी जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान सहित कई कार्यालयों और प्रतिष्ठानों के परिसर में जलभराव की खबर है।

---

### पाकिस्तान जासूसी मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई

# जासूसी रैकेट के तहत 8 राज्यों में 15 ठिकानों पर की गई छापेमारी

**नई दिल्ली।** सीआरपीएफ के जवान को जासूसी के आरोप में पकड़े जाने के बाद अब इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कमान संभाल ली है। शनिवार को एनआईए ने पाकिस्तान से जुड़े एक जासूसी रैकेट की जांच के तहत देशभर के 8 राज्यों में 15 ठिकानों पर छापेमारी की।

**आठ राज्यों में एनआईए की छापेमारी :** जिन राज्यों में ये छापे पड़े, उनमें दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई), हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। ये छापेमारी उन लोगों के घरों और ठिकानों पर की गई जो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से जुड़े होने के शक में हैं।




एनआईए के मुताबिक, छापों के दौरान एजेंसी को कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, गोपनीय दस्तावेज और संदिग्ध आर्थिक लेन-देन के रिकॉर्ड मिले हैं। अब इन सभी सामग्रियों की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि इस जासूसी नेटवर्क की जड़ तक पहुंचा जा सके।

मामला उस वक्त सामने आया जब सीआरपीएफ के एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मोती राम जाट को गोपनीय जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एनआईए की जांच में पता चला कि मोती राम साल 2023 से पाकिस्तान के एजेंटों को संवेदनशील जानकारी दे रहा था और इसके बदले में उसे भारत के अलग-अलग माध्यमों से पैसे भी मिलते थे।

#### सीआरपीएफ ने लिया ऐक्शन

सीआरपीएफ ने उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। इस पूरे मामले की जांच एनआईए कर रही है और केस भारतीय न्याय संहिता, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट और यूएपीए के तहत दर्ज किया गया है। एजेंसी का कहना है कि पाकिस्तान की साजिश में कई और चेहरे शामिल हो सकते हैं और जांच आगे जारी रहेगी।

---

# हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी के खिलाफ राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने भी दी सड़कों पर उतरने की चेतावनी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स को बढ़ाने के विरोध में राष्ट्रीय व्यापार मंडल भी अब सड़कों पर उतरेगा। संगठन की ओर से इस मुद्दे पर रविवार को विचार-विमर्श किया गया। कविनगर स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में सदस्यों ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता पर नगर निगम ने दोहरी मार लगा दी। बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स बढ़ाने के विरोध में प्रस्ताव पारित करने के बाद भी नगर निगम ने टैक्स बढ़ा दिया है। यह जनता से सरासर धोखा है। जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में हाउस



टैक्स में बेतहाशा वृद्धि एवं 1702 दुकानदारों पर किराये में अनुचित रूप से की जा रही वृद्धि का तीव्र विरोध किया गया। अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के आग्रह के बावजूद नगर निगम अधिकारियों द्वारा एकतरफा और मनमाने ढंग से लिए गए फैसले का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। नगर विकास मंत्री एके शर्मा से मुलाकात कर नगर निगम अधिकारियों की शिकायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद व्यापारी वर्ग अभी भी आर्थिक संकट से पूरी तरह उबर नहीं पाया है। ऐसे समय में टैक्स और किराया कई गुना बढ़ाकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे साफ प्रतीत होता है कि यह सब आगामी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को नुकसान पहुंचाने की एक सोची-समझी साजिश है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि सरकार एवं नगर निगम द्वारा इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक में प्रमुख बालकिशन गुप्ता, अशोक भारतीय, प्रदीप चौधरी, रितेश शर्मा, समीर शर्मा, आशु पंडित, सोनू भाटी व दिनेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

---

### लालू-राबड़ी के नाम तेज प्रताप का इमोशनल मैसेज

**पटना:** आरजेडी प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने अपने माता-पिता के लिए एक संदेश लिखा है। उन्होंने पार्टी के कुछ लोगों पर भी निशाना साधा है। तेज प्रताप ने कहा कि उन्हें सिर्फ अपने माता-पिता का प्यार और विश्वास चाहिए। उन्होंने यह बात एक्स (ट्विटर) पर कही। तेज प्रताप यादव ने अपने माता-पिता को अपनी दुनिया बताया है। उन्होंने कहा कि वे भगवान से बढ़कर हैं। उनका हर आदेश मेरे लिए महत्वपूर्ण है। तेज प्रताप ने कहा कि उनके माता-पिता हैं तो उनके पास सब कुछ है। उन्हें बस उनका विश्वास और प्यार चाहिए। उन्हें और कुछ नहीं चाहिए। तेज प्रताप ने जयचंद शब्द का किया इस्तेमाल : तेज प्रताप ने अपने पिता लालू प्रसाद यादव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर उनके पिता नहीं होते, तो न तो यह पार्टी होती और न ही उनके साथ राजनीति करने वाले कुछ लालची लोग होते। उन्होंने पार्टी में मौजूद 'जयचंदों' की तरफ इशारा किया।



---

# केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने लिया 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' में हिस्सा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में रविवार को 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया और बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कर्तव्य पथ पर साइकिल भी चलाई।

**'संडे ऑन साइकिल' पहल अब एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुकी है :** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने ह्यफिट इंडिया संडे ऑन साइकिलह्ण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 24 रविवारों से फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास के तहत नियमित साइकिलिंग का आयोजन किया गया है। हालांकि, हर साइकिलिंग लंबी दूरी की नहीं होती, लेकिन संडे ऑन साइकिल पहल अब एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुकी है। पीएम मोदी ने फिट इंडिया का मंत्र दिया और देश के युवाओं ने उसे साकार किया है।

**देशभर में 5,000 से अधिक स्थानों पर किया गया आयोजन**

मनसुख मांडविया ने बातचीत में कहा, आज फिट इंडिया मूवमेंट का 25वां संस्करण है। इस अवसर पर देशभर में 5,000 से अधिक स्थानों पर संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया गया। यह विशेष संस्करण हमारे देश के उन बहादुर सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इसके अलावा, बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी वाघ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, इतने सारे मुस्कुराते चेहरे देखकर मैं बहुत खुश हूं। आज रविवार है और हर कोई आया है और मुझे बहुत खुशी है कि मैं आप सभी के साथ इस पहल में शामिल हो रही हूं।

मैं खेल मंत्री मनसुख मांडविया को बधाई देना चाहती हूं, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रयास किया है।

**मैं मनसुख मांडविया जी की आभारी हूं, जिन्होंने मुझे यहां आमंत्रित किया :** शरवरी वाघ ने बातचीत में बताया कि आज संडे ऑन साइकिल का 25वां संस्करण है और मैं इसका हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं।

---

# दिल्ली के जंगपुरा में मद्रासी कैंप में 300 से अधिक झुग्गियों पर चला बुलडोजर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के जंगपुरा इलाके में आज सुबह से मद्रासी कैंप में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर ऐक्शन शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों के संभावित विरोध से निपटने के लिए यहां भारी तादाद में दिल्ली पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के जवान मौके पर तैनात हैं। इस बुलडोजर कार्रवाई के दौरान करीब 300 से अधिक झुग्गियों को तोड़ा जाएगा।

दिल्ली हाईकोर्ट ने मॉनसून में भीषण जलभराव को रोकने के लिए बारापुला नाले की सफाई की आवश्यकता जताते हुए 1 जून से मद्रासी कैंप को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने 9 मई को दिए आदेश में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के अलावा विस्थापित लोगों को नरेला में बसाने का भी कहा था। करीब 60 साल से बसी झुग्गी बस्ती में 300 से अधिक मजदूर वर्ग के परिवार रहते हैं। 12 अप्रैल को अधिकारियों ने झुग्गी बस्ती की दीवारों पर सरकार द्वारा आवंटित फ्लैटों के लिए पात्र परिवारों की सूची चिपकाई थी। लगभग 370 परिवारों में से सिर्फ 189 ही फ्लैट के लिए पात्र पाए गए।

मद्रासी कैंप के निवासी मुरुगन ने दावा किया, करीब 300 परिवारों में से केवल 189 को ही फ्लैट आवंटित किए गए हैं - हमें जो फ्लैट दिए जा रहे हैं, वे भी अधूरे हैं और उनकी हालत भी खराब है।




जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस मनमीत पी.एस. अरोड़ा की बेंच ने 9 मई को अपने आदेश में कहा था, ह्यअतिक्रमण हटाने की कार्रवाई व्यवस्थित तरीके से की जानी चाहिए। बारापुला नाले को जाम से मुक्त कराने के लिए मद्रासी कैंप के निवासियों का पुनर्वास भी आवश्यक है। कोई भी निवासी पुनर्वास के अधिकार से इतर किसी अन्य अधिकार का दावा नहीं कर सकता, क्योंकि यह सार्वजनिक भूमि है, जिस पर अतिक्रमण किया गया है। हाईकोर्ट द्वारा मद्रासी कैंप के निवासियों के 20 मई से सुचारू पुनर्वास के निर्देश भी दिए गए थे। अधिकारियों ने अवैध तरीके से रह रहे परिवारों को बारापुला नाले को जाम से मुक्त कराने के लिए अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण हटाने के वास्ते ध्वस्तीकरण नोटिस जारी किया था।

हाईकोर्ट ने कहा था कि विशेष रूप से आगामी मॉनसून के मौसम को देखते हुए पुनर्वास अत्यंत आवश्यक है, साथ ही बारापुला नाले की समय पर सफाई आसपास के क्षेत्रों में गंभीर जलभराव को रोकने के लिए भी जरूरी है।

बेंच ने कहा कि 20 मई से 31 मई के बीच मद्रासी कैंप से सभी सामान हटा दिए जाने चाहिए और एक जून से तोड़फोड़ शुरू होनी चाहिए। हाईकोर्ट द्वारा दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और दिल्ली सरकार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को 19 से 20 मई तक दो शिविर आयोजित करने का आदेश दिया गया था।

बता दें कि, अदालत ने मद्रासी कैंप को अवैध निर्माण बताते हुए कहा कि इससे नाले में रुकावट पैदा हुई और नाला अवरुद्ध हो गया, जिसके कारण बारिश के दौरान खासकर मॉनसून के मौसम में आसपास के इलाकों में गंभीर जलभराव हो गया।

---

# 'बंगाल की जनता ममता को सिंदूर की ताकत दिखाए' : अमित शाह

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल दौरे पर तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। भाजपा कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर टिप्पणी को लेकर ममता और उनकी सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले पर ममता ने चुप्पी साध ली। जब भारतीय सेना उस हमले का बदला लिया तो ममता और उनके नेताओं ने फर्जी टिप्पणियां कर 'ऑपरेशन सिंदूर' का अपमान किया।

बंगाल की जनता को ममता बनर्जी को सिंदूर की ताकत दिखानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, 'हमें पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनानी है, घुसपैठ रोकनी है, भ्रष्टाचार रोकना है, हिंदुओं का पलायन रोकना है।'



**'दीदी, मेरी बात सुनिए, अब आपका समय खत्म हो गया है' :** अमित शाह ने कहा, '...वर्षों तक बंगाल में कम्युनिस्टों का शासन रहा। उसके बाद ममता बनर्जी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर आईं। उन्होंने बंगाल की महान भूमि को घुसपैठ, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ अनैतिकता की भूमि में बदल दिया। ममता के सीएम बनने के बाद पश्चिम बंगाल में सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं की हत्या कर दी गई। दीदी, मेरी बात सुनिए, अब आपका समय खत्म हो गया है। 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी।

**'कार्यकर्ताओं की हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी' :** भाजपा कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, '...मैं भरोसा दिलाता हूं कि जैसे ही तृणमूल कांग्रेस सत्ता से हटेगी, हमारे पार्टी कार्यकताओं की हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी, भले ही वे जमीन के नीचे छिपे हों।'

---

# अब्बास अंसारी की सदस्यता समाप्त

## विधानसभा सचिवालय ने जारी की अधिसूचना

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय ने मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता समाप्त कर दी है। विधानसभा सचिवालय की ओर से रविवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, अब्बास अंसारी की सदस्यता 31 मई से प्रभावी रूप से समाप्त कर दी गई है। मऊ एमपी-एमएलए कोर्ट ने शनिवार को विधायक अब्बास अंसारी को हेट स्पीच केस में दोषी ठहराते हुए 2 साल की सजा का ऐलान किया था। इस ऐलान के साथ ही विधायक की सदस्यता अपने आप खत्म हो गई। अब विधानसभा सचिवालय ने विधिवत रूप से इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

अधिसूचना के अनुसार, अब्बास अंसारी को मऊ एमपी-एमएलए कोर्ट ने शनिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 171एफ, 189, 153ए, 506 और 120बी के तहत दोषी ठहराया गया था। अदालत ने उन्हें कुल 5 मामलों में अलग-अलग सजाएं सुनाई थीं। इनमें से एक अन्य मामले में 2 साल की सजा शामिल है। उन्हें कुल मिलाकर 11,000 रुपये जुमार्ने के साथ सजा सुनाई गई थी।



**बढ़ी उपचुनाव की संभावना :** सजा के चलते भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय की 13 अक्टूबर 2015 की अधिसूचना और सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई 2013 के आदेश के तहत यूपी विधानसभा ने अधिसूचना जाारी की। दरअसल, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8(3) के अनुसार, किसी भी जन प्रतिनिधि को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा होने पर उसकी सदस्यता खुद समाप्त हो जाती है।

प्रमुख सचिव विधान सभा ने अधिसूचना में स्पष्ट किया कि अब्बास अंसारी की सदस्यता का समापन संविधान और नियमानुसार 31 मई 2025 से प्रभावी माना जाएगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






### काम नहीं करने वाले पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के लिए कांग्रेस ने खींच दी लकीर

# सौ दिन में काम दिखाओ, वरना बाहर का रास्ता देख लेना

सुब्रत भट्टाचार्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने भी अपने संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू कर दी है। कांग्रेस हाईकमान की ओर से प्रत्येक जिले के लिए दो-दो कोर्डिनेटरों की नियुक्ति की गई है। ये कोर्डिनेटर जहां फ्रंटल संगठनों की गतिविधियों पर नजर रखेंगे, साथ ही महानगर और जिले में वार्ड और बूथ स्तर पर कार्यक्रताओं की सक्रियता को परखेंगे। सभी कोर्डिनेटरों को तीन-तीन माह का समय दिया गया है। तीन माह बाद सभी कोर्डिनेटर अपनी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी प्रदीप नरवाल को देंगे। इन तीन महीनों में देखा जाएगा कि कौन सा फ्रंटल संगठन ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है। महानगर का कौन से पदाधिकारी व कार्यकर्ता ढीले तरीके से काम कर रहा है, रिपोर्ट में किसी के खराब प्रदर्शन का जिक्र किया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उसे पद से हटा दिया जाएगा।

इसी अभियान के तहत रविवार को कांग्रेस के कंपनी बाग स्थित कार्यालय पर गाजियाबाद के लिए नियुक्त कोर्डिनेटर अजय चौधरी और राजकुमार पंडित ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। रविवार को पार्टी की मासिक बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में कोर्डिनेटर अजय चौधरी ने एक-एक कर सभी फ्रंटल संगठनों के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कई फ्रंटल संगठनों की निष्क्रियता पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि तीन महीने के भीतर अगर कार्यों में बेहतरी नहीं लाई गई तो पद और कार्यों को छोड़ना पड़ेगा। संगठन को मजबूत करने पर ध्यान नहीं देने वाले कार्यकर्ताओं को अब सहन नहीं किया जाएगा। जिला इकाई में तीन जून को ऐसी बैठक होगी। कांग्रेस के 36 फ्रंटल संगठन है। इन संगठनों को मजबूत करने पर जोर दिया गया है।

### - महानगर के लिए नियुक्त कोर्डिनेटरों ने सभी फ्रंटल और महानगर की ली बैठक

### - तीन जून को जिला इकाई में भी होगी बैठक, कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने की कवायद शुरू की



### हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस करेगी बड़ा प्रदर्शन

करंट क्राइम। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव ने कहा कि नगर निगम ने मनमाने तरीके से हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी कर दी है। कांग्रेस संगठन की ओर से इस मुददे को लेकर कलेक्ट्रेट पर एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। गाजियाबाद की जनता दोहरी मार झेल रही है। इस मुद्दे को हर मंच पर उठाया जाएगा। आने वाले समय में पार्टी इस मुददे को लेकर बड़ा आंदोलन करेगी।

### जनता से जुड़े विषयों को नजर अंदाज करने वाले नपेंगे

करंट क्राइम। बैठक में कोर्डिनेटर अजय खारी और पं. राजकुमार शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद में नगर निगम की ओर से हाउस टैक्स को बढ़ाने के फैसले से जनता नाखुश है। इसके अलावा महंगाई और बेरोजगारी से भी जनता परेशान है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जनता की आवाज बनना होगा। उनकी समस्या व परेशानियों को अपनी परेशानी समझ कर आंदोलन करना पड़ेगा। जनता सरकार के कामकाज से खुश नहीं है। गाजियाबाद में जनता कई तरह की परेशानी झेल रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की ओर जनता आशाभरी नजरों से देख रही है। ऐसे वक्त अगर पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता की परेशानियों से दूर रहते हैं तो फिर संगठन के लिए उनकी जरूरत नहीं हैं।

### सौ दिन का संकल्प, संगठन का होगा कायाकल्प



करंट क्राइम। प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी अहमदाबाद अधिवेशन में सौ दिनों का संकल्प लिया गया है। इन सौ दिनों में संगठन का कायाकल्प किया जाएगा। संगठन के लिए कार्य नहीं करने वालों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। इन सौ दिनों में वार्ड कमेटी, बूथ कमेटी, ग्राम से लेकर ब्लॉक स्तर कमेटियों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के बाद हर स्तर पर बदलाव किया जाएगा। यही कारण है कि शीर्ष नेतृत्व की ओर से प्रत्येक जिला और महानगर के लिए दो दो कोर्डिनेटरों की नियुक्ति की गई है।

**कौन-कौन थे उपस्थित** : करंट क्राइम। कोर्डिनेटर की बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ. संजीव शर्मा, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, प्रदीप कंसल, पूर्व मंत्री दीपा कौल, विनीत त्यागी, श्रीचंद दिवाकर, बिजेंदर यादव, बी के अग्निहोत्री, प्रेम प्रकाश चीनी,सूर्यकांत, एडवोकेट चन्द्रपाल, राजन चितौड़िया, त्रिलोक सिंह,अनिल शर्मा, अमित कुमार बंटी, गोपाल भाटी, सतीश चंद गुप्ता, बबलू भारती, महेंद्र कुमार, विक्रांत चोधरी,भरत गुप्ता, वली हसन, सुनील भारती,रवि शंकर सूर्या, कंचन शर्मा, सविता गौतम, पूजा चड्ढा, बृज मोहन गुप्ता, दीप्ति शर्मा, खुशनुमा परवीन, हरपाल सिंह, राकेश कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, विनोद शर्मा, नरेन्द्र चौधरी,अदीब मालिक, विकास शर्मा, अनमोल, जग्गू प्रधान, अमीचंद, कुलभूषण, अनवर अहमद, पवन शर्मा, कंचन शर्मा, विनोद शर्मा, रणवीर, गजराज सिंह, रविन्द्र गौतम, नसीम खान, नसीम बेगम, रिहान, अख्तर अल्वी आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन बाबूराम शर्मा ने किया।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा इस बार भी मनाएं इकोफ्रेंडली बकरीद

### खुले में नहीं होना चाहिए कटान, पुलिस व प्रशासन को निगरानी रखने का निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस बार भी इलाके के रहने वाले मुस्लिम भाइयों से अपील की है कि वह बकरीद के त्यौहार को पिछले साल की तरह इको फ्रेंडली अंदाज में मनाए। साथ ही उन्होंने कहा है कि खुले में कटान ना किया जाए। इसके साथ ही लोनी विधायक ने नगरपालिका के पूर्व अधिशासी अधिकारी डीके राय के सर्वे के अनुसार लोनी नगरपालिका क्षेत्र एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस के अंतर्गत आता है। ऐसे में ऑर्डिनेंस के तहत लोनी में जानवरों के कटाव, मीट की दुकान, कट्टी घरों का संचालन व हड्डी एकत्र करना प्रतिबंधित है और ऐसा करना राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है क्योंकि पूर्व में लोनी में आईएएफ का लड़ाकू विमान भी गिर चुका है। इसक अतिरिक्त लोनी में हमारे कार्यकताओं ने सूचना दी है कि बड़े पैमाने पर लोनी में पशुओं का कटान किये जाने की सूचना है, ऐसे में कुछ लोग संवेदनशील लोनी के माहौल को बिगाड़ने के लिए गौवंशों की हत्या भी कर सकते है।



### पशुवध अधिनियम का दिया हवाला




करंट क्राइम : लोनी के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा है कि पशुवध अधिनियम, 1960 के तहत भी जीव हत्या करना अपराध है। उन्होंने मुस्लिम समाज के भाईयों से भी अपील कि है कि प्रगतिवादी सोच का हिस्सा बनते हुए पूर्व की तरह जिसमें ओर्डिनेंस का पालन करते हुए लोनी हित में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा इको फ्रेंडली ईद मनाई गई थी और सांकेतिक तौर पर केक का बकरा काटकर ईद शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई जिसकी काफी प्रशंसा भी हुई थी। प्रशासन की मदद के लिए हमारे कार्यकर्ता भी ड्रोन इतियादी से निगरानी करेंगे।

### अधिकारियों से कहा रखें निगरानी

करंट क्राइम : लोनी में एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस का अक्षरश: पालन व गौवंशों व अन्य किसी जीव की हत्या न हो यह सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है उन्होंने एसीपी लोनी, एसडीएम व लोनी नगर पालिका के अधिकारियों को इस मामले को गंभीरता से लेने के लिए भी कहा है।

# तीन हत्यारोपियों पर की गई गैंगस्टर की कार्रवाई

### नंदग्राम पुलिस ने तैयार की थी फाइल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन पुलिस ने तीन आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। तीनों आरोपी हत्या के जघन्य अपराध मामले में शामिल हैं। इस मामले में नन्दग्राम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अनुज गौतम , अरुण और नितिन पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है तीनों ने हत्या निर्मम तरीके से हत्या की थी, जिस मामले में पुलिस ने इन तीनों को गैंगस्टर का दोषी पाया है।

डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने बताया है कि अनुज गौतम उर्फ बाबा निवासी थाना मधुबन बापूधाम की उम्र



23 साल है। तो वहीं अरुण मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र का निवासी है। साथ ही नितिन भी यही का निवासी है। तीनों नई उम्र के आरोपी हैं और हत्या जैसे अपराध में शामिल हैं। बीते दिनों में उनके नाम पुलिस के अधिकारियों के सामने पहुंचे थे। जिसके बाद इन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

# तय समय के भीतर सभी कमेटियों का हो गठन: विनोद सविता

### सपा महानगर प्रभारी ने ली कमेटियों को लेकर समीक्षा बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विनोद सविता ने रविवार को गाजियाबाद सदर विधानसभा में संगठन के कार्यों की समीक्षा की। पार्टी की ओर से विनोद सविता को सदर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। विजय नगर स्थित उत्सव भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में सेक्टर, बूथ और जोन स्तर पर कमेटियों के गठन की समीक्षा की गई।

बाद में प्रेसवार्ता में विनोद सविता ने कहा कि सदर विधानसभा में लगभग सभी जोन और सेक्टरों का गठन कर लिया गया है। बूथ स्तर पर कमेटियों के गठन पर विचार विमर्श किया गया। सभी जोन और सेक्टरों के गठन की रिपोर्ट देखी गई। उन्होंने कहा कि कमेटियों के गठन के बाद




पीडीए सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

विनोद सविता ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। पीडीए के बढ़ते प्रभाव से भाजपा घबरा गई है। यही वजह है कि भाजपा भी अब जाति को आधार बनाकर सम्मेलनों का आयोजन कर रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विशाल वर्मा, राजन कश्यप, अंशु ठाकुर, कृष्ण यादव, आशु अब्बासी, आरिफ कसर, फिरोज चौधरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शहर विधानसभा की सारी कमेटियों का हो गया गठन: विशाल वर्मा




करंट क्राइम। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और महानगर उपाध्यक्ष विशाल वर्मा जाटव ने सदर विधानसभा में बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि शहर विधानसभा की सारी कमेटियों का गठन कर लिया गया है। इन कमेटियों में पीडीए का खास ख्याल रखा गया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सदर विधानसभा की कमेटियों में पीडीए सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। शहर विधानसभा में पीडीए चर्चा का कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। इसके तहत शहर और लाइनपार क्षेत्र में पीडीए सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

# पिछड़ेपन के कारण ही समाज में फैली कुरीतियां : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हम समाज के विषय में चर्चा करते हुए जंजीर का उदाहरण करते हुए कहते हैं कि किसी जंजीर की उतनी ताकत है जितनी उस जंजीर की सबसे कमजोर कड़ी की ताकत है। अगर जंजीर को मजबूत बनाना है तो हमें उसकी कमजोर कड़ी को मजबूत बनाना आवश्यक है। अगर अपने समाज को मजबूत बनाना है तो उसकी कमजोरियों को दूर करना आवश्यक है। इसीलिए समाज को समान शक्ति सम्पन्न बनाना है तो उसके लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। शैक्षणिक उन्नयन के लिए शिक्षा में आरक्षण, आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए नौकरियों में आरक्षण और सामाजिक रूप से उन्नयन के लिए राजनैतिक आरक्षण की व्यवस्था संविधान में की गई है।

सामाजिक रूप से पिछड़ेपन के कारण समाज में कई तरह की कुरीतियां फैल गई हैं। भूत प्रेत, ऊपरी प्रभाव, भगत सयाने, झाड़-फूंक, किसी विशेष दिन किसी दिशा में नहीं जाना। किसी विशेष दिन कौन से रंग का वस्त्र पहनना। बिल्ली रास्ता काट दे तो उस रास्ते पर नहीं जाना। सुबह-सुबह किसी व्यक्ति विशेष का मुंह देखने से अपशगुन होना। किसी मिशन पर जाते समय किसी व्यक्ति के द्वारा टोकना जैसे कितने अपशगुन माने जा रहे हैं। 21वीं सदी में जब विज्ञान अपने ऊर्ष पर है, तब ऐसे अंधविश्वास मनुष्य की प्रगति में बाधा बनकर खड़े हैं।



> प्रदेश के पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा, कुरीतियों के समर्थन के लिए धर्म को आधार बनाया जाता है।

हमारा दुर्भाग्य ये है कि इन अंधविश्वासों और कुरीतियों के समर्थन के लिए धर्म को आधार बनाया जाता है। जबकि इन कुरीतियों और अंधविश्वासों का कोई धार्मिक आधार नहीं है। वेद सनातन धर्म के मूल हैं। महर्षि दयानंद ने वेदों के मंत्रों का उल्लेख करते हुए इन सब कुरीतियों और अंधविश्वासों का खंडन किया है। गुरु नानक देव, संत रविदास, संत कबीर जैसे महान संतों ने हिंदू समाज की इन कुरीतियों और अंधविश्वासों से बाहर निकलने का आह्वान किया है। स्वयं डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भी समाज को इन अंधविश्वासों और कुरीतियों से दूर रहने की नसीहत देते हुए समाज के पिछड़ेपन के लिए इन्हीं अंधविश्वासों और अज्ञानताओं को दोषी ठहराया था।

> हमारा दुर्भाग्य ये है कि इन अंधविश्वासों और कुरीतियों के समर्थन के लिए धर्म को आधार बनाया जाता है। जबकि इन कुरीतियों और अंधविश्वासों का कोई धार्मिक आधार नहीं है। वेद सनातन धर्म के मूल हैं। महर्षि दयानंद ने वेदों के मंत्रों का उल्लेख करते हुए इन सब कुरीतियों और अंधविश्वासों का खंडन किया है।

भारत के संविधान में आर्टिकल 51अ (एच) के अनुसार समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने। इन कुरीतियों और अंधविश्वासों के निवारण का दायित्व सरकार पर डाला है। आज समाज का बड़ा वर्ग जिसे हिंदुत्व का जागरण समझ रहा है, वह जाने या अनजाने अंधविश्वास और कुरीतियों को बल प्रदान कर रहा है। महर्षि दयानंद ने स्वयं काशी जाकर बहु ईश्वरवाद और मूर्ति पूजा को वेद सम्मत प्रमाणित करने की चुनौती दी थी। लेकिन एक भी विद्वान इसे वेद सम्मत प्रमाणित करने के लिए उद्यत नहीं हुए। अपने हिन्दू धर्म के विद्वानों का मत है कि मूर्ति पूजा प्राथमिक स्टेज है, अंतिम रूप से तो ईश्वर निराकार है। सर्वव्यापी है, कण-कण में व्याप्त है। हिंदुत्व के मूल स्वरूप को जानना और समझना आवश्यक है।

> सेंट्रल हिन्दू कालेज बनारस (बनारस हिंदू विश्व विद्यालय की पूर्ववर्ती संस्था) ने 1916, में हिंदू धर्म के अध्ययन के लिए तैयार कराई गई पाठ्य पुस्तक 'एन एलिमेंट्री टैक्स्ट बुक ऑफ हिंदू रिलीजन इथिक्स' में हिंदू धर्म के जिन मूल तत्वों का उल्लेख किया है वे इन सभी अंधविश्वासों और कुरीतियों का हिन्दू धर्म से कोई जुड़ाव नहीं है। ये समय के साथ विकसित हुई कुरीतियां हैं और समय रहते इनसे छुटकारा पाना आवश्यक है और ये हिंदू धर्म का अपना वैशिष्ट्य है कि अपनी कुरीतियों को हटाने के लिए समाज में से ही आवाज उठती है और समाज ऐसे परिवर्तनों को स्वीकार भी करता है।

सेंट्रल हिन्दू कालेज बनारस (बनारस हिंदू विश्व विद्यालय की पूर्ववर्ती संस्था) ने 1916, में हिंदू धर्म के अध्ययन के लिए तैयार कराई गई पाठ्य पुस्तक 'एन एलिमेंट्री टैक्स्ट बुक ऑफ हिंदू रिलीजन इथिक्स' में हिंदू धर्म के जिन मूल तत्वों का उल्लेख किया है वे इन सभी अंधविश्वासों और कुरीतियों का हिन्दू धर्म से कोई जुड़ाव नहीं है। ये समय के साथ विकसित हुई कुरीतियां हैं और समय रहते इनसे छुटकारा पाना आवश्यक है और ये हिंदू धर्म का अपना वैशिष्ट्य है कि अपनी कुरीतियों को हटाने के लिए समाज में से ही आवाज उठती है और समाज ऐसे परिवर्तनों को स्वीकार भी करता है।

## संपादकीय

# वायुसेना प्रमुख की चेतावनी

वायुसेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने गुरुवार को महत्त्वपूर्ण रक्षा परियोजनाओं के तहत संसाधनों की खरीद और आपूर्ति को लेकर जो सवाल उठाए हैं, उन पर गौर किया जाना बेहद जरूरी है।

दुनिया फिलहाल जिस संवेदनशील दौर से गुजर रही है और भारत के सामने अपने कुछ पड़ोसी देशों के अस्थिर रुख की चुनौतियां खड़ी रहती हैं, वैसे में सुरक्षा का हर मोर्चा हर वक्त पूरी तरह चौकस और दुरुस्त रहना एक अनिवार्य तकाजा है। निश्चित रूप से देश की सरकार ने इस संबंध में कोताही नहीं बरतती होगी। लेकिन यह ऐसा मसला है, जिसमें हमेशा ज्यादा बेहतर करने की जरूरत होती है, कमियों पर ध्यान देना जरूरी होता है। इस लिहाज से देखें तो देश के वायुसेना प्रमुख एअर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने गुरुवार को महत्त्वपूर्ण रक्षा परियोजनाओं के तहत संसाधनों की खरीद और आपूर्ति को लेकर जो सवाल उठाए हैं, उन पर गौर किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने रक्षा सौदों में आपूर्ति में देरी पर चिंता जाहिर करते हुए घरेलू रक्षा क्षेत्र पर गंभीरता से विचार करने के लिए जिन बातों की ओर ध्यान दिलाया है, उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। वायुसेना प्रमुख ने साफ शब्दों में कहा कि इस क्षेत्र में कई परियोजनाओं के वादे तो किए गए, लेकिन निर्धारित समय में एक भी परियोजना पूरी नहीं हो सकी। जबकि बढ़ती चुनौतियों और संवेदनशीलता के मद्देनजर देखें तो समय सीमा सबसे अहम मुद्दा होना चाहिए। सरकार को चुनौतियों की पहचान कर हल के लिए पहल करनी चाहिए सवाल है कि जिस मसले पर सरकार को अपनी ओर से चुनौतियों की पहचान और उसका हल निकालने की पहल करनी चाहिए, उसकी फिक्र वायुसेना प्रमुख को जाहिर करने की जरूरत क्यों पड़ी। यह छिपा नहीं है कि समूची दुनिया में अलग-अलग देशों के बीच समीकरण किस तेजी से बदल रहे हैं। कारणों पर बहस हो सकती है, लेकिन यह जगजाहिर है कि अचानक पैदा हुई परिस्थितियों में किसी देश के सामने टकराव से लेकर युद्ध तक के हालात में सुरक्षा संबंधी गंभीर चुनौती खड़ी हो सकती है। ऐसे में अगर सैन्य बलों की ओर से परियोजनाओं के समय पर पूरा नहीं होने पर चिंता जाहिर की जाती है, तो यह सरकार के लिए तत्काल विचार करने और कमियों पर गौर करने का मामला होना चाहिए। वायुसेना प्रमुख की यह बात बेहद अहम है कि युद्ध का चरित्र बदल रहा है तो हर दिन हम नई तकनीकें देख रहे हैं। जाहिर है, इसी मुताबिक खुद को तैयार रखने की जरूरत है। भारत ने कई मौकों पर इस तरह की चुनौतियों को बेहद करीब से देखा और इसका सामना किया है, जिसमें पाकिस्तान या चीन जैसे पड़ोसी नाहक ही टकराव जैसे हालात पैदा करते रहते हैं। हालत यह है कि पाकिस्तान को किसी भी समय संघर्ष विराम का उल्लंघन करने में हिचक नहीं होती, तो चीन की गतिविधियां भी भारत के लिए चिंता का कारण रही हैं। ऐसे में सीमा पर कब कैसी परिस्थितियां पैदा हो जाएं, यह तय कर पाना मुश्किल है। ऐसे में अगर लड़ाकू विमानों की खरीद का सौदा तय हो जाए।

# मई में दो लाख करोड़ रुपये वसूला गया जीएसटी टूटा रिकॉर्ड, पिछले साल से 16 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** वस्तु और सेवा कर संग्रह मई महीने में सालाना आधार पर 16.4 प्रतिशत बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये हो गया। इससे पहले अप्रैल में 2.37 लाख करोड़ रुपये जीएसटी वसूल किया गया था। यह लगातार दूसरे महीने जीएसटी संग्रह में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जीएसटी वसूली में मई महीने में रिकॉर्ड टूट गया है। मई महीने में 2,01,050 करोड़ रुपये जीएसटी वसूली हुई। इस महीने में पिछले साल के मुकाबले 16.4 फीसदी अधिक जीएसटी संग्रह किया गया।

इससे पहले अप्रैल महीने में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2024 में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये था।

यह 01 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू होने के बाद दूसरा सबसे अधिक संग्रह था। मार्च 2025 में जीएसटी संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा था।




### राज्यों में संग्रह का हाल

डेलॉयट इंडिया के पार्टनर एमएस मणि ने कहा कि जीएसटी संग्रह में राज्यों के बीच काफी अंतर देखा गया है। इसका मुख्य कारण राज्यों की आर्थिक गतिविधियों में विविधता और कई सेक्टरों का योगदान हो सकता है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में 17% से 25% तक की बढ़ोतरी हुई। वहीं, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे अन्य बड़े राज्यों में यह बढ़ोतरी सिर्फ छह फीसदी तक सीमित रही। मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों में करीब 10% की औसत बढ़ोतरी हुई। एमएस मणि ने आगे कहा, 'जीएसटी संग्रह की यह औसत बढ़ोतरी सभी राज्यों में समान नहीं दिखती।

### मार्च महीने में 9.9 फीसदी की हुई थी बढ़ोतरी

वहीं मार्च में सकल जीएसटी संग्रह 9.9 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। मार्च में घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 8.8 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 13.56 प्रतिशत बढ़कर 46,919 करोड़ रुपये हो गया।

### घरेलू और आयात से राजस्व में बढ़ोतरी

घरेलू लेन-देन से जीएसटी संग्रह 13.7% बढ़कर करीब 1.50 लाख करोड़ रुपये हुआ। वहीं आयात पर जीएसटी राजस्व 25.2% की तेज बढ़ोतरी के साथ 51,266 करोड़ रुपये रहा। वहीं शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.74 लाख करोड़ रहा, जो कि पिछले साल मई की तुलना में 20.4% अधिक है। वहीं कुल रिफंड मई 2025 में 4% घटकर 27,210 करोड़ हुआ।

### जीएसटी के कई हिस्सों से राजस्व

केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) : 35,434 करोड़
राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) : 43,902 करोड़
एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) : 1.09 लाख करोड़ (जिसमें 44,735 करोड़ आयात पर वसूला गया)
उपकर (सेस) : 12,879 करोड़

### पिछले साल की तुलना

मई 2024 में जीएसटी संग्रह 1.72 लाख करोड़ था। इस साल मई में यह बढ़कर 2.01 लाख करोड़ से अधिक हो गया, जो कि देश की अर्थव्यवस्था में सुधार और बेहतर कर अनुपालन को दशार्ता है।

# एटीएफ की कीमत में तीन फीसदी की कटौती
## वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 24 रुपये घटे

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने की पहली तारीख को बेंचमार्क अंतरराष्ट्रीय ईंधन और विदेशी विनिमय दर के औसत मूल्य के आधार पर एटीएफ और रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। महीने के पहले दिन यानी 1 जून को जेट ईंधन या विमानन टरबाइन ईंधन की कीमत में बदलाव हुआ। एटीएफ की कीमत में तीन फीसदी की कटौती की गई। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क कीमतों में नरमी के कारण एटीएफ में यह लगातार तीसरी मासिक कटौती है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क तेल और गैस की कीमतों में गिरावट के कारण होटलों और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में भी 24 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर की कटौती की गई।



### विमानन टरबाइन ईंधन की कीमत

सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 2,414.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 2.82 फीसदी घटकर 83,072.55 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। कीमत में यह कटौती 1 मई को 4.4 प्रतिशत (3,954.38 रुपये प्रति किलोलीटर) और 1 अप्रैल से 6.15 प्रतिशत (5,870.54 रुपये प्रति किलोलीटर) की भारी कटौती के बाद की गई है। रविवार की कटौती के साथ कीमतों में कटौती ने इस साल की शुरूआत में हुई बढ़ोतरी की भरपाई कर दी है।

# एशियाई विकास बैंक के 10 अरब डॉलर से विकसित होंगे भारत के 100 शहर




**नई दिल्ली।** एएडीबी ने भारत के शहरी विकास के लिए अगले पांच सालों में 10 अरब डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है, जिसमें मेट्रो विस्तार भी शामिल है। यह योजना 'अर्बन चैलेंज फंड' के जरिए निजी निवेश आकर्षित करने पर आधारित है। एडीबी पहले से ही कई शहरों में स्वच्छता, आवास और शहरी परिवहन परियोजनाओं में काम कर रहा है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत के शहरी विकास के लिए अगले पांच वर्षों में 10 अरब डॉलर (करीब 83 हजार करोड़ रुपये) देने की प्रतिबद्धता जताई है। इसमें मेट्रो का विस्तार भी शामिल है। एडीबी के अध्यक्ष मसातो कांडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद शनिवार को यह जानकारी दी।

कांडा ने कहा, शहर विकास के इंजन हैं। एडीबी भारत की शहरी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए पूंजी जुटाएगा, परियोजनाओं को तेजी से लागू करेगा और लोगों को 2047 तक विकसित भारत की राह में आगे बढ़ने में मदद करेगा। एडीबी ने एक बयान में कहा कि इस बदलावकारी योजना में सरकारी कर्ज, निजी क्षेत्र से वित्तपोषण और तीसरे पक्ष की पूंजी शामिल है। यह योजना भारत की 'अर्बन चैलेंज फंड' (यूसीएफ) पर आधारित है, जिसे एडीबी इसलिए मदद दे रहा है ताकि शहरों के विकास के लिए निजी कंपनियां निवेश करें। भारत के 100 शहरों में यह देखा जा रहा है कि कहां-कहां तेजी से विकास हो सकता है, शहरों को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, और पानी-सफाई की सुविधाएं कैसे सुधारी जा सकती हैं। यह सब मिलकर 'अर्बन चैलेंज फंड' की नींव तैयार कर रहा है। एडीबी ने कहा कि वह 30 लाख डॉलर की तकनीकी मदद भी देगा, ताकि ऐसी परियोजनाएं तैयार की जा सकें, जिनमें निवेश किया जा सके और राज्यों व शहरी निकायों की क्षमता को मजबूत किया जा सके। अनुमान के अनुसार, 2030 तक भारत की 40 फीसदी से ज्यादा आबादी शहरों और कस्बों में रहने लगेगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक चीन अध्ययन जो की 20 साल का अध्ययन था, जिसमें मांस खाने वालों और पौधों के खाने वालों की मृत्यु दर की तुलना की गई थी। उन्होंने पाया कि जिन देशों ने अधिक पशु-आधारित भोजन खाया है, वे ₹पश्चिमी बीमारियों₹ से अधिक मृत्यु दर की संभावना रखते हैं, जबकि अधिक पौधे भोजन खा रहे देशों में लोग स्वस्थ थे।
- हठ योग और भक्ति योग में योगियों के लिए अभी भी शाकाहार की आवश्यकता होती है।
- कोअला भालू लगभग अनन्य रूप से केवल नीलगिरी के पत्ते और कुछ और नहीं खाते हैं।
- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग की ठोकर एक मानव को मार सकती है।
- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।

## राशिफल

**मेष:** आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त होगा। शत्रुओं का भय रहेगा। घर के किसी सदस्य की चिंता सताएगी। परिवार में सम्मान प्राप्त होगा।

**वृष:** आज आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। अपना पराक्रम बढ़ा हुआ महसूस करेंगे। लाभ के समाचार मिलेंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन:** आज के दिन मन चिंतित रहेगा। किसी शुभ कार्य में धन खर्च होने की संभावना है, धैर्य बनाए रखें। नेत्र में कष्ट होने की आशंका है।

**कर्क:** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। कई प्रकार से लाभ प्राप्त होने की संभावना है। कुसंग से बचें, नहीं तो किसी समस्या में पड़ सकते हैं।

**सिंह:** पूर्व में किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। आय के साधन और मजबूत होंगे। कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। पहले के रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। धन के आगमन से सुख प्राप्त होगा।

**तुला:** संतान को लेकर चिंता बनी रहेगी। ससुराल में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वाहनादि चलाने में विशेष सावधानी रखें।

**वृश्चिक:** आपके मन में आज विशेष शांति की अनुभूति रहेगी। मन में स्थिरता से मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंध में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु:** मन में विरक्ति का भाव उत्पन्न होगा। मन में अरुचि उत्पन्न होगी। दूर की यात्रा करने से बचें, हानि हो सकती है। पेट में रोग हो सकता है।

**मकर:** आत्मविश्वास जागृत रहेगा। पत्नी की बात पर विवाद न करें, बल्कि धैर्य से सोचें। पत्नी की सलाह मानने से लाभ मिलेगा।

**कुंभ:** बिना वजह के भय उत्पन्न होगा। मन भ्रमित रहेगा। माता के स्वास्थ्य को लेकर तनाव बन सकता है।

**मीन:** आज आपका आत्मविश्वास बना रहेगा। आपके निर्णय पर कुछ विरोध बढ़ सकता है। बहन पक्ष से कुछ शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

## चुटकुले

रामू ने रवि से पूछा- ये नया फोन कब खरीदा?
रवि - नया नहीं, मेरी गर्लफ्रेंड का है.
रामू - गर्लफ्रेंड का फोन क्यों ले आया?
रवि- रोज कहती थी मेरा फोन नहीं उठाते, आज मौका मिला तो उठा लाया।

---

भूगोल पढ़ाने वाली एक मैडम बहुत दुबली-पतली थीं।
उनकी पोस्टिंग एक गांव में हो गई।
एक दिन वो क्लास में बच्चों से प्रश्न पूछ रही थीं-बताओ बच्चों,
धरती घूमती हुई क्यों नजर आती है?
एक लड़के ने कहा, मैडम जी कुछ खा लिया करो।
बिना खाए स्कूल आओगी तो धरती ऐसे ही
घूमती नजर आएगी।

---

पिंकी तेजी से स्कूटी पे जा रही थी, जैसे ही
रेड लाइट क्रॉस की...
पुलिसवाला - मैडम गाड़ी साइड लगाओ।
पिंकी- पहली बार है माफ कर दो ना।
पुलिसवाला- आपको रेड लाइट नहीं दिखी थी क्या?
पिंकी- लाइट तो दिखी थी, लेकिन आप कहीं नहीं दिखे, जाने कहां छिपे थे

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# आईपीएल 2025: क्वालिफायर-1 जीतकर टीमें बनीं चैंपियन, मुंबई ने 2013 और 2017 में ऐसा किया

**अहमदाबाद ।** आरसीबी के पास पहली बार खिताब जीतने का मौका है। सारे समीकरण और संयोग भी आरसीबी के पक्ष में हैं। हालांकि, पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम आरसीबी का खेल बिगाड़ सकती है, लेकिन इसके लिए आज मुंबई को पंजाब से पार पाना होगा। आइए हम आपको बताते हैं कि अब तक आईपीएल में कितनी बार ऐसा हुआ है कि क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया। क्या क्वालिफायर-दो जीतने वाली टीम कभी ऐसा कर सकी है? आइए जानते हैं



**आईपीएल 2025 का रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है। आज क्वालिफायर-2 के मुकाबले में अहमदाबाद में पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से होगा। यह मैच बेहद दिलचस्प रहने वाला है। इस मैच की विजेता टीम तीन जून को अहमदाबाद में ही होने वाले फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी**

14 में से 11 बार क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम चैंपियन बनी आईपीएल में शुरू में यानी 2008 से 2010 तक सेमीफाइनल प्रारूप में लीग के नॉकआउट मैच खेले जाते थे। हालांकि, 2011 से इसके नियम में बदलाव किए गए और प्लेऑफ की शुरूआत हुई। क्वालिफायर-1, क्वालिफायर-2 और एलिमिनेटर मैच तय किए गए। तब से लेकर 2024 तक कुल 14 सीजन हुए हैं और इसमें से 11 बार क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम ने ही फाइनल अपने नाम किया है।

तीन बार क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम चैंपियन नहीं बनी सिर्फ तीन ही बार ऐसा हुआ है जब क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम खिताब पर कब्जा न जमा पाई हो। खुद आरसीबी की टीम यह भुगत चुकी है। आरसीबी का यह चौथा फाइनल है। इससे पहले टीम 2009, 2011, 2016 में भी फाइनल में पहुंची थी। 2016 में आरसीबी क्वालिफायर-1 जीतकर फाइनल में पहुंची थी, लेकिन फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें हराया था। तब एसआरएच की टीम एलिमिनेटर खेलकर फाइनल में पहुंची थी और एसआरएच एलिमिनेटर खेलते हुए फाइनल में पहुंचने और उसे जीतने वाली एकमात्र टीम है।

14 में से 11 बार क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम का चैंपियन बनना आरसीबी के पक्ष को और मजबूत करता है। हालांकि, 2013, 2016 और 2017 में क्वालिफायर-एक जीतने वाली टीम को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, क्वालिफायर-दो जीतने वाली टीम ने तीन बार खिताब पर कब्जा जमाया है

## फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर पंजाब और मुंबई

**अहमदाबाद ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ क्वालिफायर-1 मुकाबले में मिली हार की निराशा को पीछे छोड़कर पंजाब किंग्स की नजरें वापसी पर टिकी होंगी। दूसरी ओर, खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को एलिमिनेटर में हराने वाली मुंबई इंडियंस की टीम बढ़े हुए मनोबल के साथ क्वालिफायर-2 में उतरेगी। पंजाब और मुंबई की टीमें फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर हैं।



पंजाब को ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के कारण फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिला है। पंजाब और मुंबई दोनों के लिए ये सेमीफाइनल मुकाबले की तरह है। मुंबई ने भले ही गुजरात टाइटंस के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए पंजाब को हराना होगा। दूसरी तरफ, पंजाब के लिए भी मुंबई को हराना कठिन चुनौती होगी।

पंजाब को करनी होगी वापसी आरसीबी के खिलाफ करारी हार के बाद पंजाब का आत्मविश्वास कम हुआ होगा, लेकिन पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है।

# मैक्स होल्डेन शतकीय पारी खेलकर लौटे, मुकेश कुमार ने झटके तीन विकेट, लंच तक स्कोर 333/5

**कैंटरबरी ।** भारत ए और इंग्लैंड लायंस के बीच जारी अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन का खेल शुरू हो चुका है। भारत बढ़त लेने के उद्देश्य से उतरा है। टॉम हेन्स और मैक्स होल्डेन ने 237/2 के स्कोर से तीसरे दिन का खेल शुरू किया। होल्डेन 101 रन बनाकर आउट हो गए। इसके अलावा कप्तान जेम्स रियू आठ, रेहान अहमद तीन रन बनाकर आउट हुए। तीनों विकेट मुकेश कुमार ने झटके। लंच तक इंग्लैंड लायंस का स्कोर 333/5 है। फिलहाल हेन्स 142 और डैन मॉसली दो रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं।



इससे पहले टॉम हेन्स के शतक और मैक्स होल्डेन के अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड लायंस ने भारत ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहली पारी में दिन के खेल की समाप्ति तक दो विकेट पर 237 रन बनाए थे। इंग्लैंड लायंस की टीम फिलहाल भारत ए से 320 रन से पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय हेन्स 103 रन और होल्डेन 64 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत के लिए अबतक अंशुल कंबोज और हर्ष दुबे को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले, करुण नायर के दोहरे शतक और ध्रुव जुरेल तथा सरफराज खान के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहली पारी में 557 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड लायंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही और भारत को पहली सफलता अंशुल कंबोज ने बेन मैकनी को आउट कर दिलाई जो 16 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हेन्स ने एमिलिओ गे के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी की और इंग्लैंड लायंस की पारी को संभाला। हर्ष ने हालांकि एमिलिओ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एमिलिओ 90 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। फिर हेन्स और होल्डेन ने पारी आगे बढ़ाई और भारत ए के गेंदबाजों को दिन का खेल समाप्त होने तक कोई सफलता हासिल नहीं करने दी। हेन्स और होल्डेन के बीच अब तक तीसरे विकेट के लिए 106 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

जुरेल शतक से चूके इस मैच में इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी, लेकिन करुण, जुरेल और सरफराज ने शानदार बल्लेबाजी कर भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। सात साल बाद वापसी कर रहे।

## साल 2008 से लेकर 2024 तक जानें कौन सी टीम ने किसे हराकर जीती ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 अपने अंजाम तक पहुंच गया है। आज क्वालिफायर-2 पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। इस मैच में जीतने में वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ खिताबी मैच खेलेगी।



इस लीग की शुरूआत 2008 में हुई थी और तब दिवंगत शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने जीत हासिल की थी। इससे पहले 2021 तक आठ टीमों के बीच यह लीग खेली जाती थी, लेकिन पिछले तीन सीजन से इसमें 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उससे पहले 2010 में भी 10 टीमें खेली थीं। वहीं, 2012 और 2013 में नौ-नौ टीमों ने इस टूनार्मेंट में हिस्सा लिया। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स सबसे ज्यादा पांच-पांच बार आईपीएल का खिताब जीत चुकी है। इसके अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीन बार टूनार्मेंट जीता है। वहीं, गुजरात टाइटंस, डेक्कन चार्जर्स, राजस्थान और सनराइजर्स हैदराबाद एक एक बार यह खिताब जीतने में सफल हुई है। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स और पुरानी टीमें दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंज बेंगलुरु ने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है।

आईपीएल 2008 (राजस्थान रॉयल्स 2008 में आईपीएल का पहला सीजन खेला गया था। राजस्थान रॉयल्स आईपीएल इतिहास का पहला खिताब जीतने वाली टीम बनी थी। दिग्गज लेग स्पिन शेन वॉर्न की अगुआई में राजस्थान ने फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था और खिताब जीता था। राजस्थान ने चेन्नई को तीन विकेट से हराया था। आईपीएल 2009 (डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद डेक्कन चार्जर्स हैदराबाद ने दूसरे सीजन में खिताब अपने नाम किया था। आईपीएल 2009 में हैदराबाद ने फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को छह रनों हराया था। एडम गिलक्रिस्ट प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट बने थे। आईपीएल 2010 (चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल की सबसे मजबूत टीमों में शामिल चेन्नई सुपर किंग्स 2008 में खिताब से चूक गई थी, लेकिन 2010 में टीम ने खिताब अपने नाम किया। महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चेन्नई ने फाइनल में मुंबई को 22 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। सचिन तेंदुलकर प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुने गए थे। आईपीएल 2011 (चेन्नई सुपर किंग्स एमएस धोनी की टीम चेन्नई सुपर किंग्स ने लगातार दूसरे सीजन खिताब अपने नाम किया। 2011 के फाइनल में चेन्नई ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 58 रनों से हराकर यह खिताब अपने नाम किया। क्रिस गेल प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट रहे। आईपीएल 2012 (कोलकाता नाइट राइडर्स 2012 में आईपीएल को एक नया चैंपियन मिला। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने पांचवें सीजन को अपने नाम किया। गौतम गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने फाइनल में चेन्नई को पांच विकेट से हराया था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल से पहले जिम्बाब्वे से खेलेगी दक्षिण अफ्रीका

**लंदन ।** दक्षिण अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल 11 जून से लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। इस खिताबी मुकाबले की तैयारियों को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम तीन जून से जिम्बाब्वे के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेलेगी।



### दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी टेस्ट जनवरी में खेला


दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी बार टेस्ट मैच इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था जहां उसने दो मैचों की सीरीज में 2-0 से जीत दर्ज की थी। दूसरी तरफ जिम्बाब्वे ने हाल ही में 22 साल बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेला था जहां उसे पारी और 45 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। टीम में सिकंदर रजा, ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड नगारावा मौजूद नहीं है। जून के अंत में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगी जिम्बाब्वे इसके बावजूद जिम्बाब्वे ने मजबूत टीम उतारी है जिसमें सीन विलियम्स, बेनेट, विकटर न्याउची, क्लाइव मदांडे और क्रैग एर्विन शामिल है। अभ्यास मैच के बाद जिम्बाब्वे की टीम 28 जून से दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम की मेजबानी करेगी। दोनों टीमों के बीच आखिरी बार लाल गेंद के प्रारूप में दिसंबर 2017 में एक टेस्ट मैच की सीरीज खेली गई थी जहां दक्षिण अफ्रीका पारी और 120 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही थी। ओवरऑल दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नौ टेस्ट मैच खेले जिसमें से आठ जीते हैं और एक मैच ड्रॉ रहा है।

# अहमदाबाद में फिर शुरू हुई बारिश, मैदान को कवर्स से ढका गया

## मैच शुरू होने में देरी

**अहमदाबाद में बारिश रुक गई है और मैच 8:25 बजे शुरू होगा। राहत की बात यह है कि ओवर में कटौती नहीं की गई है और खेल पूरे 20-20 ओवर का कराया जाएगा**

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में बारिश रुक गई है और मैदान से कवर्स से हटा लिए गए हैं। पंजाब के खिलाड़ी मैदान पर उतर चुके हैं, जबकि रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो बल्लेबाजी के लिए तैयार हैं। मुंबई और पंजाब किंग्स के बीच क्वालिफायर-2 मुकाबले से ठीक पहले अहमदाबाद में बारिश शुरू हो गई है। मैदान को कवर्स से ढका गया है, लेकिन राहत की बात यह है कि बारिश हल्की है। मुंबई इंडियंसः रोहित शर्मा, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), नमन धीर, मिचेल सैंटनर, राज बावा, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, रीस टॉप्ली।



इम्पैक्ट सबः अश्विनी कुमार, कृष्णन श्रीजिथ, राघु शर्मा, रॉबिन मिंज, बेवॉन जैकॉब। पंजाब किंग्सः प्रियांश आर्या, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहाल वढेरा, मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह, अजमातुल्लाह ओमरजई, काइल जैमीसन, विजयकुमार विशाक, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल। इम्पैक्ट सबः प्रभसिमरन सिंह, प्रवीण दुबे, सूर्यांश शेडगे, जैवियर बार्टले, हरप्रीत बरार। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालिफायर-2 मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पंजाब ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है और स्पिनर युजवेंद्र चहल की वापसी हो गई है जो चोट के कारण पिछले कुछ मैचों से बाहर चल रहे थे। मुंबई ने भी टीम में एक बदलाव किया है। मुंबई ने प्लेइंग-11 में रीस टॉप्ली को ग्लीसन की जगह मौका दिया है। ग्लीसन चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। मार्को यानसेन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। चहल अगर पूरी तरह फिट रहे तो उनका इस मैच में खेलना तय है, लेकिन उनकी उपलब्धता पर मैच से पहले ही कोई फैसला लिया जाएगा। पंजाब को ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के कारण फाइनल में पहुंचने का दूसरा मौका मिला है। पंजाब और मुंबई दोनों के लिए ये सेमीफाइनल मुकाबले की तरह है। मुंबई ने भले ही गुजरात टाइटंस के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए पंजाब को हराना होगा। दूसरी तरफ, पंजाब के लिए भी मुंबई को हराना कठिन चुनौती होगी।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया इस तारीख में करेंगे शादी, सगाई की डेट भी हुई तय

**वाराणसी ।** जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है। शादी 18 नवंबर 2025 को वाराणसी के होटल ताज से होगी। इसमें क्रिकेट के सितारे, फिल्म जगत की हस्तियों और उद्योगपतियों का जमवाड़ा रहेगा। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू सिंह की शादी प्रिया से तय है। इसकी पुष्टि पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता व केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की थी।





रिंग सेरेमनी और शादी की तारीख तय विधायक ने कहा था कि अलीगढ़ में रिंकू के परिजनों से मुलाकात हुई थी। परिजन शादी के लिए राजी हैं। आईपीएल के बाद दोनों की शादी होगी। अब रिंग सेरेमनी और शादी की तारीख तय हो गई है। सपा विधायक के करीबियों के मुताबिक, शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी।

पेशे से अधिवक्ता हैं प्रिया सरोज इसमें देशभर प्रमुख राजनेता, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। यह रिश्ता दोनों परिवारों की सहमति और स्नेह से तय हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए वक्त दिया और अब एक नई शुरूआत के लिए तैयार हैं। प्रिया सरोज पेशे से अधिवक्ता हैं। प्रिया और रिंकू एक दूसरे को पहले से जानते हैं।

तूफानी सरोज ने बताया कि प्रिया की सहेली के पिता क्रिकेटर हैं। उनके जरिये ही रिंकू और प्रिया की जान-पहचान हुई थी। दोनों एक दूसरे को पहले से जानते हैं। दोनों का कहना था कि परिजनों की रजामंदी से शादी करेंगे। परिजनों के बीच भी सार्थक बातचीत हो गई।

अलीगढ़ के साधारण परिवार में हुआ रिंकू सिंह का जन्म रिंकू सिंह का जन्म 12 अक्तूबर 1997 को अलीगढ़ के बेहद साधारण परिवार में हुआ। उनके पिता खानचंद्र गैस एजेंसी पर सिलिंडर वितरण का काम करते थे। उन्होंने खुद शुरूआत में सिलिंडर वितरण के काम में पिता का हाथ बंटाया और गरीबी से लड़ते हुए क्रिकेट के मैदान पर अपनी जगह बनाई।

साल 2023 में किया शानदार प्रदर्शन सबसे पहले डीपीएस के मैदान पर आयोजित इंटरनेशनल स्कूली विश्वकप में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरीं। क्रिकेट के जानकारों का ध्यान जब उनकी ओर गया तो उनका सफर शुरू हुआ और वह आईपीएल में पहुंचे। इसी दौरान केकेआर की ओर से खेलते हुए 2023 में शानदार प्रदर्शन के बाद वे देश में चर्चित हुए।

### केकेआर ने 13 करोड़ रुपये में किया रिटेन

फिर इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट टीम के सदस्य बने और एकदिवसीय टीम में स्थान पाया। अब उनकी संपत्ति करोड़ों में पहुंच गई है। आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में केकेआर ने उन्हें 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया था।

## रोहित शर्मा हासिल कर सकते हैं बड़ी उपलब्धि



**नई दिल्ली ।** आईपीएल का 18वां सत्र चरम पर पहुंच गया है। आज इस सत्र का क्वालिफायर-2 अहमदाबाद में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले में जीतने वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ फाइनल मैच खेलेगी। रविवार को मैच में मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। टी20 में 550 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं रोहित मुंबई के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा आगामी टी20 मैच में 550 छक्के जड़ने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं। वह इस उपलब्धि को हासिल करने से महज तीन कदम दूर हैं। फिलहाल रोहित के नाम इस प्रारूप में 452 मैचों में 547 छक्के दर्ज हैं। अब तक छह बल्लेबाजों ने टी20 में 550 या उससे ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष पर क्रिस गेल हैं।

# जीडीए की कार्रवाई, अवैध निर्माण पर लगाई सील तोड़ी, तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए तीन लोगों के खिलाफ कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। प्राधिकरण ने पहले नोटिस जारी किए और फिर निर्माण सील किए लेकिन निर्माणकर्ताओं ने सील तोड़कर काम जारी रखा। जांच में निर्माण होते पाए जाने पर जीडीए ने मुकदमे दर्ज कराए हैं।

यह कार्रवाई अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है। गाजियाबाद। अवैध निर्माण करने वालों की मनमानी को रोकने के लिए जीडीए ने तीन लोगों के खिलाफ कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। प्राधिकरण ने तीनों मामलों में अवैध निर्माण पर नोटिस जारी करने के बाद सीलिंग की कार्रवाई की थी। लेकिन निर्माणकर्ताओं ने सील तोड़कर निर्माण जारी रखा। जांच में निर्माण होते पाए जाने पर प्राधिकरण ने मुकदमे दर्ज कराए हैं।

पहले मामले में जीडीए के अवर अभियंता आशीष कुमार के मुताबिक गोविंदपुरम के पास स्थित बालाजी एंक्लेव में देवेंद्र मलिक द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था।

फरवरी में निर्माणकर्ता को नोटिस जारी किया गया लेकिन काम नहीं रुकने पर चार अप्रैल को निर्माण सील कर दिया गया। 14 मई को दोबारा स्थलीय जांच में मौके पर सील तोड़कर निर्माण होते पाए जाने पर केस दर्ज कराया गया है। अवैध निर्माण को 25 अप्रैल को सील किया गया था दूसरे मामले में जीडीए के अवर अभियंता गिरिजा शंकर मल्ल ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि हरसांव में सुधीर कुमार द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को 25 अप्रैल को सील किया गया था।

मौके पर 22 मई को हुई जांच में सील तोड़कर निर्माण होता पाए जाने पर पुलिस से शिकायत की गई है। तीसरे मामले में जीडीए के अवर अभियंता आशीष कुमार ने गली नंबर 13 बालाजी एंक्लेव में कपी तोमर द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को 20 मार्च को सील किया गया था। 14 मई को स्थलीय जांच में सील तोड़कर निर्माण होता पाए जाने पर केस दर्ज कराया गया है।

## शहर विधायक संजीव शर्मा ने बद्रीनाथ धाम में भागवत कथा का आयोजन किया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत ने पूरे कथा आयोजन में भक्ति भाव के साथ भागलिया। उनका कहना है कि यह उनके जीवन का सबसे सुखद आध्यात्मिक और धार्मिक अनुभव रहा है। उन्होंने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि शहर विधायक संजीव शर्मा वास्तव में इस बात के लिए बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने एक पावन पवित्र स्थान पर धार्मिक आयोजन कर सभी को इसमें भाग लेने का अवसर प्रदान किया।

यह भागवत कथा वास्तव में जीवन का एक बहुत ही मधुर और आध्यात्मिक भाव का अनुभव लेकर आई है।




### किस मंडल अध्यक्ष की हो गई उसी के दफ्तर में धुनाई

किस्सा जुबान से निकले शब्दों के बाद घमासान का है। किस्से की हवा पूरे मंडल में लग गई है और कोई बता रहा है कि चार लगे और कोई बता रहा है कि पांच लगे। चष्मदीद बता रहे हैं कि घमासान चौहान को लेकर हुआ और फिर हमने गिने नहीं लेकिन लगे है। बताते हैं कि घमासान के बीज 28 को बोये गये थे और फसल 29 को आ गई। दरअसल मंडल वाले प्रधान अपने दफ्तर पर बुलाकर कहीं चले गये। अब हो सकता है कि उन्हें कोई जरूरी काम रहा हो। कोई भी परिस्थिति हो सकती है और परिस्थिति की स्थिति को वो समझा सकते थे। लेकिन मंडल वाले बता रहे है कि अगले दिन लेडी चौहान ने उनके दफ्तर पहुंच कर अपनी जुबान से कुछ शोले निकाले। मंडल प्रधान भी धैर्य नहीं रख पाये और उन्होंने भी जवाबी कार्यवाही करते हुए अपनी जुबान से शोले ऊगले। इसके बाद बताते हैं कि खेल में दोनों तरफ से मेल आ गये और फिर मंडल वाले मेल के दफ्तर में ही चौहान वाले मेल ने मंडल प्रधान को पेल दिया। बात तो कमरे के अंदर की थी लेकिन फूल वालों की जुबान कहां चैन लेती है। किस्सा धीरे-धीरे मंडल में फैला और फिर दूसरे मंडल तक ये कहानी बताई गई। मंडल अध्यक्ष की धुनाई का किस्सा पूरी रौशनाई के साथ मंडलों से लेकर पार्षदों की जुबान तक तराना बनकर गूंज रहा है। कहानी में बताया जा रहा है कि मंडल अध्यक्ष कुछ ज्यादा ही तेज चल रहे थे और कुछ दिन पहले उन्होंने तेज चलने के चक्कर में बिरादरी वाले विधायक की नाराजगी को भी फेस किया था और अब उन्होंने भाजपाईन से जुबान लडाकर ये नया घमासान कर लिया है।

### वो दोनो डीएम छूते थे तब वाले नगर आयुक्त के पांव

डीएम शब्द सुनकर आप चौंकिये नहीं क्योंकि डीएम केवल प्रशासन में ही नहीं होते हैं। डीएम तो राजनीति का सबसे बडा गठजोड़ है। बात उन डीएम की हो रही है जिन्होंने नगर आयुक्त के रोजाना पांव छुए है। दरअसल ये निगम के डीएम है जिनमें एक दलित है और दूसरा मुस्लिम है। दोनों ही पूर्व पार्षद है और इनमें से एक पहले कांग्रेसी था अब भाजपाई हो गया है। दूसरा वाला तो और कमाल का है वो सपा में सपाई रहा, बसपा में बसपाई रहा और जब भाजपा आई तो भाजपाई हो गया। फिलहाल दोनों भाजपाई हैं और दोनों की खूबी ये है कि साहब के पैर छूकर काम करा लेने में महारत हासिल है और भूतपूर्व कांग्रेसी की खूबी ये है कि वार्ड में ठेले वालों से अपने चरण छुआते हैं और बंद कमरे में साहब के चरणों में लोट जाते है।

### नामित वाली लिस्ट में आना चाहिए एक्टिव मोड के नेताओं का नाम

अभी नामित वाली लिस्ट बनी नहीं है लेकिन कहावत सूत ना कपास और जुलाओं में लट्ठम-लट्ठा वाली हो रही है। आधा कार्यकाल तो वैसे ही निकल चुका और आधे कार्यकाल के लिए भौकाल भी क्या बना लेंगे। लेकिन यहां पुराने भाजपाई ने पुराने नामों को लेकर कहा कि जो चुनाव लड़कर जमानत नहीं बचा पाये, उन्हें क्या नामित बनाकर इस बात का अवार्ड दे रहे हो। जिनकी जन छवि खराब है उन्हें कौन सा खिताब देने की तैयारी हो रही है। पुराने भाजपाई ने कहा कि अगर नामित पार्षद से सम्मान देना है तो इस लिस्ट में युवाओं का नाम रखो। कम से कम उनका मनोबल तो बढ़ेगा। संगठन जनप्रतिनिधियों की सिफारिश पर ध्यान ना दे और एक सर्वे अपने स्तर पर कराये और फिर संगठन से उनकी पसंद के नाम मंगाये।

## पार्षद राजीव भाटी ने किया सड़क का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन के त्रिवणी धाम मंदिर से सी 210 तक की आरसीसी सड़क निर्माण का उद्घाटन निगम पार्षद राजीव भाटी द्वारा किया गया। यह रास्ता दो वार्डों को जोड़ता है। जिसमे हर रोज हजारों आदमियों का आना-जाना रहता है। सड़क में काफी गड्ढे हो गये थे। बारिश का पानी भर जाने के बाद निकलना मुश्किल हो जाता था। पार्षद ने अनुरोध करके इस सड़क कार्य को महापौर सुनीता दयाल से पास करवाया और लोगों को बड़ी राहत प्रदान की। इस गली का निर्माण कार्य शुरू होने से सभी निवासियों ने विशेष उत्साह के साथ महापौर और पार्षद राजीव भाटी का आभार प्रकट किया। इस अवसर अजय शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि युग गुर्जर, सुनील भाटी, नितिन, तिवारी, डी एम तिवारी, डॉ. सकला, सतबीर सिंह, राधेश्याम बघेल, वरुण गुप्ता, सोनाली मिश्रा, पवन पंडित आदि लोग मौजूद रहे।

## सिविल डिफेंस की बैठक का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** एके ठाकुर, एमके जैन के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की बैठक आयोजित की गई। डिविजनल वार्डन एके ठाकुर ने वार्डन की ट्रेनिंग, भर्ती, एवं हाउस होल्ड रजिस्टर पर विशेष रूप से चर्चा की। साथ ही अधिक से अधिक प्रशिक्षण एवं भर्ती करने हेतू भी सभी को निर्देशित किया। साथ ही सभी वार्डनों को अपने अपने क्षेत्रों में चौकन्ने रहने हेतू भी निर्देशित किया और कहा गया कि कोई भी व्यक्ति अगर शांति व्यवस्था भंग कर रहा या उपद्रवी तत्व क्षेत्र में दिखता है, तो तुरंत उच्च अधिकारी को सूचित करे। बैठक में मुख्य रूप से डिविजनल वार्डन ए के ठाकुर, अशोक कुमार, रमन सक्सेना, वीरपाल डब्बास, एम पी रेडी, नूतन त्यागी, सुशील, आकाश, धर्मवीर, आशीष, मनीष, सुमित, राहुल, श्रीप्रकाश, अंकुश, अमरदीप, सौरभ नियंत्रण अधिकारी नागरिक सुरक्षा नितिश कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# शहर की सड़कें चाहिए बिल्कुल साफ, नगर आयुक्त ने विभाग के साथ-साथ ठेकेदारों को लगाई फटकार

## सड़कों को धूल मुक्त बनाने का चलाएं अभियान, संसाधनों की नहीं है कमी : नगर आयुक्त



### बैठक में नगर आयुक्त ने अधिकारियों से की सफाई मित्रों की प्रशंसा

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने बैठक में अधिकारियों से सफाई मित्रों की प्रशंसा की प्रतिदिन नियमित गाजियाबाद 311 पर सफाई मित्र पर अपनी अटेंडेंस लगा रहे हैं, जिनके द्वारा अपनी अटेंडेंस नहीं लगाई जा रही है उन पर कड़ी कार्यवाही विभाग कर रहा है इसके अलावा सफाई मित्रों का विशेष सहयोग लेते हुए शहर में आधुनिक उपकरण तथा मैन्युअल व्यवस्था से सफाई को और अधिक बेहतर करने का कार्य किया जाये, निर्देश दिए हैं, कार्य में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी, स्वास्थ्य विभाग में कार्य कर रही कंपनियों को भी कड़े निर्देश जारी किए गए सभी सुपरवाइजर प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे सफाई निरीक्षकों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सड़कों को धूल मुक्त बनाने के क्रम में स्वास्थ्य विभाग टीम से बैठक की गई। बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश सहित सभी जोन के सफाई निरीक्षक तथा सफाई का कार्य देख रही कंपनियों के प्रतिनिधि मंडलों को भी कड़े निर्देश दिए गए। बड़े नाले हो या नालियां सभी से निकलने वाली सिल्ट समय से उठाई जाए, आंतरिक गलियां हो या फिर मुख्य मार्ग कहीं भी कूड़ा ना दिखाई दे मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग टीम को निर्देश दिए गए, नॉर्थ इंडिया कंपनी के डायरेक्टर शशिकांत त्यागी तथा जे.एस.एनवायरो के डायरेक्टर जीवन भी बैठक टीम के साथ में बुलाए गए जिनको अपने कर्मचारियों की अटेंडेंस ऑनलाइन करने तथा प्रतिदिन चल रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए तथा मैन्युअल सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का कार्य तेजी से किया जाए 10 दिन के भीतर पांचो जोन में विशेष अभियान चलाते हुए आंतरिक तथा मुख्य मार्गों को धूल मुक्त करने का कार्य करने के निर्देश दिये।

रोड स्वीपिंग के कार्य को पूर्ण रूप से मॉनिटर किया जाए चल रही गाड़ियों को भी जीपीएस के आधार पर मॉनिटर करने के लिए व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़ा जाए।

वॉटर स्प्रिंकलर का कार्य भी नियमित चले निर्देश दिए गए हैं, कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट पर चल रहे कार्यों को बेहतर बताते हुए नगर आयुक्त द्वारा गालियों तथा मुख्य मार्गो को धूल मुक्त बनाने नियमित पानी का छिड़काव करने, सेकेंडरी बिंदु को प्रतिदिन साफ करने के निर्देश दिए गए हैं।

## भाजपा नेता बिन्नू राम गौतम ने भोवापुर के सामुदायिक केंद्र की करवाई सफाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को भाजपा नेता बिंदु राम गौतम ने लोगों के साथ मिलकर सामुदायिक केंद्र से तीन गाड़ी कूड़ा उठाया। उन्होंने बताया कि गांव का एक ही सामुदायिक केंद्र है जो कूड़ा घर में तब्दील हो गया था रविवार को गांव के लोगों ने मिलकर उसको नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा साफ कराया गया।

यह बारात घर गांव के लोगों में के कार्यक्रम होने में काम आता है लेकिन गंदगी का अंबार इस कदर फैला हुआ था। कि कोई कार्यक्रम करने को तैयार नहीं था, इसी के चलते रविवार को क्षेत्र के लोगों ने मिलकर बारात घर को साफ कराया गया। कूड़ा इतना अधिकता की तीन गाड़ियों से उठाया गया। बिन्नू गौतम ने बताया कि सफाई का प्रयास यह दर्शाता है कि स्थानीय लोग अपने क्षेत्र को साफ रखने के लिए जागरूक हैं और सक्रिय रूप से काम करते हैं।



उन्होंने बताया कि नीलम विहार के पास भी कूड़ा घर बना हुआ है। जो बाहर के लोग आकर यहां पूरा डालते हैं। इस पर क्षेत्र पार्षद को छोड़कर कदम उठाने चाहिए इसकी शिकायत पिछली बार भी हमने नगरायुक्त व महापौर से की थी। जिसमें कई कर्मचारियों को फटकार लगी थी उन्होंने बताया कि इसके शिकायत दोबारा महापौर व नगरायुक्त को करेंगे। क्षेत्र में गंदगी का अंबार इस कदर फैला हुआ है कि लोगों का जीना भी दुश्वार हो रहा है।

## सुभाष युवा मोर्चा ने 37वें स्थापना दिवस पर शहीदों और क्रांतिकारियों को किया याद




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाष युवा मोर्चा का 37वां स्थापना दिवस रविवार को सुभाषिनी ऑफसेट, जगदीश नगर, गाजियाबाद पर मनाया गया। इस अवसर पर सुभाष युवा मोर्चा द्वारा शहीदों, क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुभाष युवा मोर्चा के स्थापना दिवस समारोह में देशभक्त सुभाषवादियों को सम्बोधित करते हुए सुभाष युवा मोर्चा के संयोजक सतेन्द्र यादव ने कहा कि आज से 37 वर्ष पूर्व जब सुभाष युवा मोर्चा के शुरूआत 2 जून 1989 को हुई थी तब यह नहीं सोचा गया था भारत वर्ष में शहीदों क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए भारतवासियों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए निरंतर लगी रहेगी।

वरिष्ठ समाजसेवी अमर दत्त शर्मा गुरुजी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम से बना यह संगठन भारत के सभी क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी देशभक्तों की जीवन गाथा और संघर्ष को भारतीय जनता के सामने लाता है। स्थापना दिवस समारोह को डीसी माथुर, मनोज कुमार शर्मा, विनोद अकेला, प्रितपाल खोसला अनिल मिश्र ,राजीव गौतम आदि ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अमर दत्त शर्मा गुरुजी, दिनेश चंद माथुर, हरिशंकर वर्मा, राजेश्वर यादव, सियाराम यादव, दिग्विजय सिंह, जेपी यादव, संजय श्रीवास्तव, उमेश पांडे, गणेश शर्मा, रंजीत शर्मा, राजेश यादव, राजीव गौतम, गोपाल सिंह, सुनील दत्त, अनिल सिन्हा, दीपक वर्मा, गौरव सूर्यवंशी, विनोद अकेला, प्रभा शंकर, मुनेश कुमार अग्रवाल, श्यामवीर यादव, सुजीत तिवारी, पन्नालाल प्रसाद, प्रितपाल खोसला, सत्यम अग्रवाल, रजनीश कुमार द्विवेदी, राजेंद्र कुमार गौतम, मनोज शर्मा, बबीता डागर, सुहानी अग्रवाल, रोहित कसाना, अभिषेक मणि, सुरेश यादव, राम अवतार यादव, अभिनंदन तिवारी, कमल यादव, योगेंद्र कुमार शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




## अब खाते में से चाय के लिए हो रहा है खर्चा

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक ओर जहां नई पुलिसिंग सिखाई जा रही है। तो वहीं दूसरी ओर अब पुलिस कर्मियों के लिए बेहतर कार्यस्थल, कक्ष और कैंटीन बनवाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं पुलिस को अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। इन दिनों पुलिस थाने में आने वाली चाय को लेकर खर्च का रिकॉर्ड रखा जा रहा है। तो वहीं एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यालय के लिए भी अलग से बजट मिल रहा है। बीते कुछ दिनों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई नई व्यवस्थाएं शुरू हुई हैं। कमिश्नरेट वाली पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इसी के तहत हर थाने को बीस हजार रुपये का बजट मिल रहा है। जिसमें बाकायदा हर थाने का बैंक अकाउंट खोला गया है। साथ ही हर महीने पैसे निकालने हैं और नए माह में उसमें बीस हजार रुपये आएंगे। अब किसी थाने में चाय का बिल बनवाया जा रहा है। तो कहीं ट्रॉफी खरीदारी के पर्चे जुटाए जा रहे हैं ताकि उनको लगाया जा सके। तो कहीं सीसीटीवी वायर का बिल बना है। तो किसी थाने में अन्य बजट तैयार किया जा रहा है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यालय के लिए भी पांच हजार रुपये का बजट है। उसमें भी खर्च के बिल बनवाएं जाने हैं। पुलिस सूत्र बता रहे हैं की नए कमिश्नर के आने के बाद से थाने और एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यालय के लिए बजट मिलना शुरू हुआ है। जिसको अब पुलिसकर्मी खर्च भी कर रहे हैं। कहा जा रहा है ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि पुलिसकर्मियों की छवि साफ सुथरी हो और उन पर अनर्गल आरोप भी ना लगे। सूत्र बता रहे हैं कि कभी गाजियाबाद में तमाम व्यवस्थाओं को नंबर एक पर रखने का अभियान चलता था, उसके लिए तमाम तिगड़म, टेंशन वाला माहौल और बेवजह की फटकार मिलती थी। उन सबको दूर करते हुए नए पुलिस कमिश्नर ने अपने अधीनस्थों को निर्देश दिया है की रैंकिंग 10 से कम नहीं जाने दें बाकी किसी प्रकार की टेंशन और अन्य मॉनिटरिंग नहीं होने दी जा रही है। वहीं पुलिस कर्मियों को फरियादियों से बेहतर बातचीत करने, उनका सम्मान करने और क्राइम कंट्रोल से लेकर बीट पुलिसिंग को बेहतर बनाने के जो निर्देश दिए गए हैं, उसमें किसी तरह की कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया है। यही वजह है कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिसटम की वर्किंग स्टाइल की तारीफ कई जगह होनी शुरू हो गई है।




## शिप्रा सनसिटी एओए का चुनाव परिणाम घोषित, आरएन राय का पैनल जीता



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शिप्रा सनसिटी अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। चुनाव में स्थानीय निवासियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कई युवा और महिलाएं चुनाव जीत कर आई हैं। आरएन राय के पैनल के सभी 10 सदस्यों ने चुनाव में जीत हासिल की है। इनके विरोध में खड़े उम्मीदवारों को हार का मुंह देखना पड़ा है। चुनाव अधिकारी नीतू सिन्हा, पुलिन कुमार अमितेश मिश्रा , डॉ राजीव व नीरज राय ने शाम को विजयी उम्मीदवारों की घोषणा की। इसके बाद कार्यकारिणी के लिए चुने गए दस उम्मीदवारों के नाम रंजन ठाकुर, सुशील चौधरी, रविंदरनाथ राय, अंशुमान सिंह, विंदा चावरे, हेमलता वर्मा , पूनम कपूर, राजीव श्रीवास्तव, राकेश कुमार राय , रोहित गुप्ता भारी मतों से विजयी हुए। आरएन राय पहले भी एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि शेष पदाधिकारी चुनाव जीतकर आए हैं। अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रक्रिया लगभग तय है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि 3 महिला पदाधिकारी का चुनाव हुआ है।

## तीन घंटे के विशेष अभियान में खुले में शराब पीने वालों पर कार्रवाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक चले इस अभियान में 187 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शराब की दुकानों के आसपास, सड़क किनारे और अवैध रूप से लगी दुकानों-ठेलियों पर शराब पीने वालों की जांच की। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। उनका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। अभियान के दौरान 75 वाहनों को भी जब्त किया गया। थानावार आंकड़ों के अनुसार, इंदिरापुरम में 38 लोग और 8 वाहन, कौशांबी में 22 लोग और 14 वाहन, खोड़ा में 25 लोग और 15 वाहन जब्त किए गए। साहिबाबाद में 27 लोग और 5 वाहन, लिंक रोड पर 20 लोग और 5 वाहन, शालीमार गार्डन में 19 लोग और 6 वाहन तथा टीला मोड़ में 36 लोग और 22 वाहन जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले लोगों की वजह से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए यह कार्रवाई की गई।

## हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल ने किया 'साइकिल स्प्रिंट शो डाउन' कार्यक्रम का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल ने 'साइकिल दिवस' के उपलक्ष्य में वेव सिटी, गाजियाबाद में एक विशेष आयोजन 'साइकिल स्प्रिंट शो डाउन' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस अनूठे कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में साइकिलिंग के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना, उन्हें स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में तीन आयु वर्गों- 5 वर्ष से कम, 5 से 9 वर्ष और 10 से 15 वर्ष-के बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने न केवल अपनी साइकिलिंग प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि पर्यावरण जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश भी समाज को दिया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र और स्मृति पदक प्रदान किए गए। जबकि विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को ट्रॉफियों से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के निदेशक विहंग गर्ग और प्रधानाचार्या इंदु शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

चीफ एडमिन एवं कार्यक्रम के संचालक अखिलेश वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता में वेव सिटी मैनेजमेंट टीम का विशेष योगदान रहा। रंजीत रंधावा (वेव सिटी के प्रबंधन प्रमुख), अरुण गुप्ता, रीना शर्मा, उदयराज सिंह और मुसेरल लईक का सहयोग उल्लेखनीय रहा। साथ ही साथ उन्होंने पुलिस प्रशासन और मणिपाल हॉस्पिटल का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सक्रिय समर्थन से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। विद्यालय की समर्पित टीम की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही। अंत में विहंग गर्ग ने सभी प्रतिभागियों, उनके अभिभावकों तथा आयोजन टीम को हार्दिक बधाई दी और यह आश्वासन दिया कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार के रचनात्मक, प्रेरणादायक और समाजहितैषी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।



# मैड्रिड में प्रतिनिधिमंडल ने गांधी जी को किया नमन, भारतीय समुदाय से मिली सुले की टीम



**जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा, हम लोग आज रामकृष्ण मिशन में आए हैं 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां का उद्घाटन किया था यह एक संपन्न केंद्र है जहां पर भी रामकृष्ण आश्रम हैं वह वैश्विक स्तर पर भारत के गर्व और ज्ञान को दिखाता है यहां आकर बहुत शांति मिलती है**

**मलयेशिया।** प्रतिनिधिमंडल ने स्वामी विवेकानंद को अर्पित की श्रद्धांजलि मलयेशिया के कुआलालंपुर में जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रामकृष्ण मिशन का दौरा किया और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है- अपराजिता सारंगी प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा, 'यह दौरे का आखिरी चरण है...इससे पहले हम 4 देशों की यात्रा कर चुके हैं। मलयेशिया में भी यह एक शानदार अनुभव रहा...हमने कई वर्गों के लोगों से मुलाकात की...आज हम भारतीय प्रवासियों से मिले...हम यहां आतंकवाद और आतंकवाद पर भारत के रुख के बारे में बात करने आए थे...पाकिस्तान काफी समय से आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहा है और वह भारत की सीमाओं के भीतर शांति और सामान्य स्थिति नहीं चाहता है। उसे जम्मू-कश्मीर में विकास पसंद नहीं आया...पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, उसे पाल रहा है...एक अच्छी बात यह है कि इन सभी 5 देशों में जिनके पास भी हम गए और उनसे बात की सभी में आम सहमति है...कोई भी आतंकवाद नहीं चाहता...सभी ने आगे आकर कहा कि हमें एकजुट होकर आतंकवाद का मुकाबला करना चाहिए'।

एनसीपी-एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने इथियोपिया में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात करने के बाद कहा, 'हमें बहुत आनंद हो रहा है क्योंकि सभी भारत के लोग सामुदायिक कार्यक्रम में मिले। हर राज्य के लोगों ने हमसे मुलाकात की।

## आलोचना होना लाजिमी, मेरा ध्यान अपने मिशन पर, कांग्रेस पर शशि थरूर का पलटवार



**ब्रासीलिया ।** कांग्रेस की ओर से लगातार आलोचना का सामना कर रहे सांसद शशि थरूर ने करारा जवाब दिया। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पांच के नेतृत्वकर्ता शशि थरूर ने ब्राजील में कहा कि आलोचनाएं होना लाजिमी है, लेकिन मेरा ध्यान इस वक्त अपने मिशन पर है। शशि थरूर ने कहा कि मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि हम अपने मिशन पर ध्यान केंद्रित करें। निस्संदेह एक संपन्न लोकतंत्र में टिप्पणियां और आलोचनाएं होना लाजिमी है, लेकिन मुझे लगता है कि इस समय हम उन पर ध्यान नहीं दे सकते। जब हम भारत वापस आएंगे तो हमारे पास अपने सहयोगियों, आलोचकों, मीडिया से बात करने का मौका होगा। लेकिन अभी हम उन देशों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां हम जा रहे हैं और यहां के लोगों तक संदेश पहुंचा रहे हैं। बैजयंत पांडा का आरो ब्राजील में होगी अहम चर्चा शशि थरूर ने कहा कि ब्राजील में हम कुछ बहुत ही ठोस रचनात्मक चचाओं के लिए तत्पर हैं। ब्राजील इस क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति है। यह हमारा एक ब्रिक्स भागीदार है। हमने 2006 से ही अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया है। इसलिए यह एक ऐसा देश है जो वास्तव में हमारे लिए मायने रखता है। और हालांकि वे वर्तमान में सुरक्षा परिषद में नहीं हैं, लेकिन हमने महसूस किया कि उन्हें हमारी स्थिति से पूरी तरह अवगत रखना और संवाद चैनलों को खुला रखना बहुत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि कोलंबिया ने दुर्भाग्य से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक बयान जारी किया था जिसमें भारत के बारे में कुछ भी कहने के बजाय पाकिस्तानी पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई थी।

## मैक्सिको के इतिहास में पहली बार न्यायिक चुनाव खड़ा हुआ विवाद, प्रक्रिया को लेकर मतदाताओं में भ्रम



**मैक्सिको सिटी ।** मैक्सिको में रविवार को इतिहास में पहली बार न्यायिक चुनाव हो रहे हैं, जिसने देश में विवाद खड़ा कर दिया है। इसने उन मतदाताओं को उलझन में डाल दिया है, जो अब भी इस प्रक्रिया को समझने की कोशिश कर रहे हैं। इस नए बदलाव से देश की अदालत प्रणाली पूरी तरह बदल सकती है।


पिछले साल के अंत में मेक्सिको की सत्तारूढ़ पार्टी मोरेना ने अदालत प्रणाली में बड़े बदलाव किए थे। इसका विरोध करते हुए कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकार अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके न्यायपालिका पर कब्जा करना चाहती है, जो अब तक उसके नियंत्रण से बाहर रही है।

कानूनी संगठन 'ज्यूसिओ जस्तो' की निदेशक लॉरेंस पातिन ने कहा, यह अदालत प्रणाली को अपने काबू में करने की कोशिश है। न्यायपालिका अब तक सत्ता वालों की आंख की किरकिरी बनी हुई थी। मगर एक मजबूत लोकतंत्र में यही संतुलन बनाए रखने का जरिया होता है। अब तक न्यायाधीशों की नियुक्ति उनके अनुभव और योग्यता के आधार पर होती थी, लेकिन इस बार करीब 7,700 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनमें से 2,600 से ज्यादा न्यायिक पदों के लिए जनता वोट डालेगी।

राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम और उनकी पार्टी का कहना है कि यह चुनाव न्याय व्यवस्था से भ्रष्टाचार को खत्म करने की दिशा में एक कदम है, क्योंकि देश लंबे समय से अपराधियों को सजा ना मिल पाने की समस्या से जूझ रहा है। लेकिन आलोचक कहते हैं कि इससे लोकतंत्र कमजोर होगा और अपराधी व भ्रष्ट ताकतें न्यायपालिका में घुसपैठ कर सकती हैं।

डिफेन्सोरक्स' जैसे नागरिक समूहों ने कई उम्मीदवारों पर सवाल उठाए हैं। इनमें कुछ ऐसे वकील शामिल हैं, जो मैक्सिको के कुख्यात ड्रग माफियाओं के मुकदमे लड़ चुके हैं। इसके अलावा, कुछ ऐसे अधिकारी भी चुनाव लड़ रहे हैं, जिन्हें भ्रष्टाचार के कारण पद छोड़ना पड़ा था और यहां तक कि कुछ पूर्व अधिकारी जो अमेरिका में ड्रग तस्करी के मामले में जेल की की सजा भी काट चुके हैं।

## अमेरिकी रक्षा मंत्री के बयान पर चीन का पलटवार कहा शीत युद्ध की मानसिकता को बढ़ावा दे रहे हेगसेथ



**बीजिंग ।** सिंगापुर में वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के चीन को खतरा बताने वाले बयान की बीजिंग ने निंदा की है। चीन ने हेगसेथ के बयान पर पलटवार करते हुए उन पर शीत युद्ध की मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि शंगरी-ला डायलॉग में हेगसेथ ने चीन पर अपमानजनक आरोप लगाए थे। अमेरिका क्षेत्र में संघर्ष और टकराव भड़का रहा है।

चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि हेगसेथ ने जानबूझकर एशिया और प्रशांत क्षेत्र के देशों द्वारा शांति और विकास के आह्वान को नजरअंदाज किया। इसके बजाय उन्होंने शीत युद्ध की मानसिकता को बढ़ावा दिया। दुनिया में अमेरिका के अलावा कोई भी देश प्रभुत्वशाली शक्ति कहलाने का हकदार नहीं है। अमेरिका एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को भी कमजोर कर रहा है।

गसेथ के ताइवान के खिलाफ चीनी आक्रामकता को लेकर भी बीजिंग ने सफाई दी। चीन ने कहा कि ताइवान पूरी तरह से चीन का आंतरिक मामला है। अमेरिका को कभी भी इस आग से नहीं खेलना चाहिए। चीन ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने दक्षिण चीन सागर में आक्रामक हथियार तैनात किए हैं। अमेरिका एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आग भड़का रहा है और तनाव पैदा कर रहा है और क्षेत्र को बारूद के ढेर में बदल रहा है। उकसावे भरा भाषण सिंगापुर में चीनी दूतावास ने फेसबुक पोस्ट ने हेगसेथ के भाषण को उकसावे से भरा बताया। दूतावास ने ताइवान के मुद्दे को यूक्रेन में युद्ध से जोड़ने के प्रयासों की भी आलोचना की। दूतावास ने कहा कि यदि कोई दोहरे मापदंड की निंदा दोहरे मापदंड के नजरिये से करने की कोशिश करता है, तो हमें केवल दोहरा मापदंड ही मिलेगा। सिंगापुर में वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन शंगरी-ला डायलॉग में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा था कि अमेरिका हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ है और चीन की आक्रामकता की स्थिति में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। अमेरिका हिंद प्रशांत क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करेगा।

# पुल ढहने के बाद पटरी से उतरीं दो ट्रेनें सात लोगों की मौत और 30 से ज्यादा घायल



**मॉस्को ।** रूस के ब्रायन्सक क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हुआ है। विस्फोटों के कारण पश्चिमी रूस में रात में दो पुल ढह गए और दो ट्रेनें पटरी से उतर गईं। घटना में सात लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। दुर्घटना यूक्रेन की सीमा से सटे क्षेत्र में हुई है। इस पहलू पर भी जांच की जा रही है कि क्या किसी ने हमला तो नहीं किया। इस बिंदु पर खबर लिखे जाने तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हादसे की जांच जारी है।

यूक्रेन की सीमा पर ब्रायंस्क क्षेत्र में पहला पुल शनिवार को एक यात्री रेलगाड़ी के ऊपर गिर गया। इसके कारण कई लोग हताहत हुए। कुछ घंटों बाद कुर्स्क क्षेत्र में एक दूसरी रेलगाड़ी भी पुल ढहने से पटरी से उतर गई। स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन ने रविवार को बताया कि मालगाड़ी पटरी से उतरकर नीचे सड़क पर आ गिरी। वहीं विस्फोट के कारण पुल ढह गया। रूसी जांच समिति ने कहा कि विस्फोटों के कारण दोनों पुल ढह गए, लेकिन उन्होंने आगे कोई विवरण नहीं दिया।

हादसे के बारे में ब्रायन्सक के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने कहा कि राहत और बचाव कार्य जारी है। पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि देश की आपातकालीन सेवाओं के कर्मी मौके पर मुस्तैद हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भेजा गया है। **दुर्घटना का कारण- परिवहन संचालन में अवैध हस्तक्षेप** : हादसे के संबंध में मॉस्को रेलवे ने एक बयान में कहा गया कि हादसा 'परिवहन संचालन में अवैध हस्तक्षेप' के कारण हुआ। हालांकि अधिकारियों ने इस संबंध में उन्होंने फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं दी है। रूस की संघीय सड़क परिवहन एजेंसी 'रोसावतोदोर' ने बताया कि जो पुल ढहा है वह उन्हीं रेलवे ट्रैकों के ऊपर बना था जिनसे ट्रेन गुजर रही थी।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी एजेंसियों ने हादसे के बाद कई तस्वीरों को साझा किया है। इनमें देखा जा सकता है कि ट्रेन की कई बोगियां क्षतिग्रस्त हुई हैं।

## शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप तय



**ढाका ।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और दो अन्य पर सामूहिक हत्या सहित कई आरोपों में अभियोग लगाया। पिछले साल छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों पर हिंसक कार्रवाई में उनकी कथित भूमिका के लिए उन पर आरोप तय कर दिए गए। अभियोजन पक्ष की ओर से औपचारिक रूप से आरोप लगाने के बाद तीन न्यायाधीशों की आईसीटी पीठ ने कहा, 'हम आरोपों को संज्ञान में लेते हैं।' न्यायाधिकरण ने एक साथ शेख हसीना और तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के खिलाफ एक नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया। तीसरे आरोपी तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को व्यक्तिगत रूप से मुकदमे का सामना करने के लिए हिरासत में लिया गया है। बांग्लादेश के इतिहास में पहली बार न्यायाधिकरण की कार्यवाही का टेलीविजन पर सीधा प्रसारण किया गया। इस बीच बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को चुनाव आयोग को दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी पार्टी का पंजीकरण बहाल करने का आदेश दिया। अंतरिम सरकार की ओर से इस पर प्रतिबंध हटाए जाने के करीब आठ महीने बाद यह फैसला आयास है। ऐसे में पार्टी के भविष्य के चुनावों में भाग लेने का रास्ता साफ हो गया। पहले शेख हसीना वाले मामले को समझते हैं रविवार को सुनवाई के दौरान मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने वीडियो साक्ष्य और विभिन्न एजेंसियों के बीच एन्क्रिप्टेड संचार का हवाला देते हुए कहा कि ये हत्याएं योजनाबद्ध थीं। इस्लाम ने कहा कि मामले में 81 लोगों को गवाह के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अभियोजकों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार के प्रमुख के रूप में शेख हसीना अशांति के दौरान सुरक्षा बल के अभियानों की कमान संभालती हैं। हसीना ने 15 साल तक शासन करने के बाद अगस्त में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लाखों प्रदर्शनकारियों के दबाव में वे बांग्लादेश से नई दिल्ली चली गईं। प्रदर्शनकारियों ने हफ्तों तक सड़कों पर उतरकर शेख हसीना से पद छोड़ने की मांग की थी। उन पर और उनके परिवार के कुछ सदस्यों पर भ्रष्टाचार के भी आरोप हैं। इस्लाम ने पिछले महीने कहा था कि बवाल के दौरान लगभग 1,500 लोग मारे गए और 25,000 घायल हुए।

# यूक्रेन युद्ध ने सीमाओं को धुंधला कर दिया है रक्षा विशेषज्ञों की चेतावनी- बढ़ रहा वैश्विक खतरा



**सिंगापुर ।** शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन युद्ध ने सीमाओं को धुंधला कर दिया है। उन्होंने कहा कि चीन और उत्तर कोरिया ने जिस तरह से रूस की यूक्रेन के खिलाफ मदद की, उसका वैश्विक परिदृश्य पर बड़ा असर पड़ा है। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया ने रूस की मदद के लिए यूक्रेन के मोर्चे पर अपने सैनिक भेजे तो चीन ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की परवाह किए बगैर रूस को आर्थिक और तकनीकी मदद दी।

### यूक्रेन हारा तो पूरी दुनिया पर होगा असर'

सिंगापुर में आयोजित हो रहे सुरक्षा सम्मेलन शंगरी ला डायलॉग में लिथुआनिया की रक्षा मंत्री डोविले साकलीने ने कहा कि अगर युक्रेन की युद्ध में हार हो जाती है तो इसका एशिया पर व्यापक असर होगा। इससे चीन का ताइवान और दक्षिण चीन सागर के इलाकों पर दावा भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि 'अगर रूस, यूक्रेन के खिलाफ जीत जाता है तो इसका असर सिर्फ यूरोप पर ही नहीं होगा बल्कि पूरी दुनिया पर होगा। इससे स्पष्ट संदेश जाएगा कि छोटे देश, खासकर हिंद प्रशांत महासागर के देशों की सीमाओं को कोई भी नजरअंदाज कर सकता है और कोई भी बहाना बनाकर आक्रमण किया जा सकेगा।'

**हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र पर बढ़ा फोकस** : फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी हिंद प्रशांत महासागर इलाके में यूरोपीय देशों को ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। वहीं शनिवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सुझाव दिया कि यूरोपीय देशों को अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को अमेरिका पर छोड़ देना चाहिए। लिथुआनिया की रक्षा मंत्री ने कहा कि 'रूस, चीन, ईरान और उत्तर कोरिया का बढ़ता गठजोड़ खतरनाक है और एकजुट होकर ही इसका मुकाबला किया जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि 'रूस को ड्रोन की सप्लाई करने वाला ईरान ही है। डोविले साकलीने ने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र पर अमेरिका को ज्यादा फोकस करने की जरूरत है, लेकिन यह अकेले अमेरिका की ही जिम्मेदारी नहीं है।

## गाजा में इस्राइली सहायता केंद्र पर राहत सामग्री लेने जा रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी, 31 लोगों की मौत



**राफा ।** गाजा में इस्राइली सहायता केंद्र पर राहत सामग्री लेने जा रहे फलस्तीनियों पर हुए हमले 31 लोगों की मौत हो गई। वहीं 175 लोग घायल हो गए। लोगों ने बताया कि फलस्तीनियों पर इस्राइली सेना की ओर से गोलीबारी की गई।

गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर राफा में गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने इस्राइल की मदद से सहायता वितरण केंद्र खोला है। लोगों का कहना है कि फाउंडेशन के केंद्र पर अव्यवस्था बरती जा रही है। पीटीआई के मुताबिक लोगों ने बताया कि रविवार को जब लोग सहायता वितरण केंद्र की ओर जा रहे थे तो एक गोल चक्कर पर इस्राइली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाईं। हालांकि फाउंडेशन का कहना है कि उसके निजी सुरक्षा गार्डों ने भीड़ पर गोली नहीं चलाई, जबकि इस्राइली सेना ने पहले भी चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाने की बात स्वीकार की है। फाउंडेशन ने कहा कि उसने रविवार को सुबह 16 ट्रक सहायता वितरित की।

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के रिकार्ड विभाग के प्रमुख जहीर अल-वहीदी ने बताया कि कम से कम 31 लोग मारे गए हैं, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

प्रत्यक्षदर्शी अबू सऊद ने बताया कि उसने कई लोगों को गोली लगने से घायल देखा। एक युवक घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। उन्होंने हम उसकी मदद नहीं कर पाए। मोहम्मद अबू तेइमा ने बताया कि उसने इस्राइली सेना को अपने चचेरे भाई और एक अन्य महिला को गोली मारते हुए देखा। उसके चचेरे भाई को सीने में गोली लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बीते मंगलवार को भी फलस्तीनियों ने इस्राइल के सहायता केंद्र पर हमला कर दिया था। हमले के दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 48 लोग घायल हुए। इस्राइल द्वारा ब्लॉकेड के बाद गाजा में भुखमरी के हालात हैं और गाजा अकाल के मुहाने पर है। हालांकि, हालिया इस्राइल के कुछ मदद को आने देने की वजह से दबाव थोड़ा कम हुआ है, लेकिन, संगठनों का कहना है कि अभी भी यहां पर्याप्त खाद्य सामग्री नहीं आ पा रही है। खास तौर पर बच्चों को लेकर गंभीर चिंता सता रही है।

# भागीरथ पब्लिक स्कूल सभागार में 23वां साहित्यिक पत्रकारिता दिवस आयोजित

## उमाशंकर मिश्र की हीरक जयंती पर 'अमृत महोत्सव अभिनंदन ग्रंथ' का लोकार्पण हुआ






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भागीरथ सेवा संस्थान और यू.एस.एम. पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 23वें साहित्यिक पत्रकारिता दिवस का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर साहित्यिक पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति पर विशद् चर्चा हुई। विद्वानों ने यू.एस.एम. पत्रिका के 41 वर्षों का सम्यक मूल्यांकन करते हुए साहित्य और संस्कृति के विकास में योगदान की सराहना की।

प्रो. लल्लन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में वरिष्ठ लेखक, पत्रकार और संपादक उमाशंकर मिश्र की हीरक जयंती के अवसर पर 'अमृत महोत्सव अभिनंदन ग्रंथ' का लोकार्पण मंच पर उपस्थित विशिष्ट विद्वानों द्वारा किया गया। बाराबंकी से आये वरिष्ठ कथाकार और समालोचक डॉ. विनय दास ने अभिनंदन ग्रंथ की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि उमाशंकर मिश्र के व्यक्तित्व के तीन प्रमुख आयाम हैं। एक लेखक-संपादक के अतिरिक्त आपने गाजियाबाद में पिछले 33 वर्षों से अ.भा. हिंदी साहित्य सम्मेलनों का आयोजन करके यहां की साहित्यिक-सांस्कृतिक छवि को देश-विदेश में विकसित किया है।

समारोह के प्रारंभ में संस्कार वैभव की सदस्याओं ने सरस्वती वंदना और आगरा की कवयित्री निशिराज ने हिंदी वंदना के उपरांत वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए अभिनंदन ग्रंथ की विषयवस्तु पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। प्रमुख वक्ताओं में राजकुमार सचान 'होरी', डॉ. राजेन्द्र मिलन, अशोक अश्रु, जे.के. गौड़, के.के. शर्मा, राजीव पाल, जे.सी. आदर्श, मीना जैन आदि ने यू.एस.एम. पत्रिका की 41 वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आगरा की संस्था 'सर्वजन वेलफेयर सोसायटी' ने उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए उमाशंकर मिश्र को सम्मान-पत्र एवं नगद राशि भेंट की। भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नगर निगम हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर जनता में बढ़ रहा है रोष

## महानगर उद्योग मंडल ने स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स नियमवली 2000 यथा संशोधित एवं नगर निगम अधिनियम 1959 की सुसंगत धाराओं के विपरीत जाकर है। हठपूर्वक हाउस टैक्स में 3 से 5 गुना तक वृद्धि कर के नोटिस एवं बिल देने के संबंध में महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने महानगर अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान एवं महामंत्री अशोक चावला के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को सौंपा ज्ञापन।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आवासीय एवं व्यवसायिक कर टैक्स 3 से 5 गुना तक वृद्धि करते हुए बिल एवं नोटिस दिया जा रहा है। किसी-किसी क्षेत्र में व्यवसायिक कर 10 गुना तक भी बढ़ा कर दिया गया है। यह गाजियाबाद के नागरिकों के साथ अन्याय है। डीएम सर्किल रेट के आधार पर टैक्स नहीं लगाया जाए। उद्योग व्यापार मंडल की टीम ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों को उपरोक्त के संबंध में न्याय संगत कार्रवाई करने के लिए जनहित में आदेशित करने की कृपया करें तथा तब तक पूर्व से लागू संपत्ति करों को ही जारी रखा जाए।

इस मौके पर चेयरमैन बृजमोहन सिंगल, अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान, महामंत्री अशोक चावला, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजदेव त्यागी, उपाध्यक्ष मोनू गोयल, युवा जिला महामंत्री डॉक्टर रघुराज, महामंत्री वसीम अली, संजय नगर व्यापार मंडल के चैयरमेन प्रदीप गर्ग, अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा त्यागी, पूर्व कोषध्यक्ष बबलू सिंह, उपाध्यक्ष एसपी सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष रितेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजू भाई, दीपक त्यागी, रोहित चौधरी , शंकर इलेक्ट्रिकल, नरेंद्र चौधरी, राजेंद्र त्यागी, शास्त्री नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन कुंवर पाल अध्यक्ष सुधीर चौधरी और समस्त व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# महापौर सुनीता दयाल ने वार्ड 69 में किया विकास कार्यों का उद्घाटन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड संख्या 69 में महापौर सुनीता दयाल द्वारा विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। लोहिया नगर पुलिस चौकी से लेकर महिंद्रा शोरूम तक की एक सड़क का उद्घाटन महापौर सुनीता दयाल व पार्षद कुलदीप त्यागी के द्वारा किया गया। इस मौके पर पूर्व रेलवे बोर्ड सदस्य प्रदीप त्यागी, उमेश, रमेश, दीपक त्यागी, मुकेश, हरि ओम, राकेश जैन, हरिशंकर पंडित, दिनेश, दीपक त्यागी, हर्ष, प्रदीप अग्रवाल, नरेंद्र यादव, सौरभ गुप्ता, मधु वर्मा, कमल, अंकित त्यागी, रमेश गुप्ता, नंदीकांत आदि सैकड़ों की संख्या में वार्ड के लोग उपस्थित रहे।

# महापौर सुनीता दयाल और पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन

## 2 किमी लंबी मुख्य सड़क का निर्माण 1 करोड़ 32 लाख की लागत से किया




साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 83 राजेंद्र नगर में 2 किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क का निर्माण 1 करोड़ 32 लाख की लागत से स्थापना निधि के द्वारा किया जा रहा है जिसका उद्घाटन महापौर सुनीता दयाल और वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। शिव मंदिर के ग्यारह पुजारियों ने विधिपूर्वक शंख बजाकर और आरती की थाली लेकर इस आयोजन को धार्मिक एवं पारंपरिक गरिमा प्रदान की।

यह सड़क मेजर मोहित शर्मा राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन के गोलचक्कर से शुरू होती है, जो पंचशील पार्क क्षेत्र में स्थित है। इसके बाद सड़क मार्ग पर क्रमशः पंचशील पार्क, नवीन पार्क और राजेंद्र नगर सेक्टर 3 के 11 ब्लॉक तक विस्तार करती है। इस मार्ग में शांति चौक भी शामिल है। सड़क का दोनों तरफ से निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास होगा। पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने कहा कि यह योजना क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है और हम लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते रहेंगे ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। महापौर सुनील दयाल ने भी विश्वास दिलाया कि नगर निगम और स्थानीय प्रतिनिधि मिलकर क्षेत्र के हर हिस्से में विकास कार्यों को तेजी से पूरा करेंगे और गाजियाबाद को स्मार्ट और विकसित शहर बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी और नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया और पार्षद व मेयर को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर पं.मोहन राम शास्त्री, अशोक गुप्ता आटेवाले, राजपाल कौशिक, मधुसूदन शर्मा, के.डी. शर्मा, प्रमोद सिंघल, अमित शर्मा, सौरभ चौधरी, इन्द्र शर्मा सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# पप्पू पहलवान ने किया पार्क के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन

## 9 लाख से अधिक की लागत से तैयार होगा सुंदर पार्क



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन वार्ड-78 विस्तार प्रथम में भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में रविवार को क्षेत्र की निगम पार्षद ओमवती देवी के सानिध्य में विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। पप्पू पहलवान की देखरेख में क्षेत्र का निरंतर विकास हो रहा है। इसी कड़ी में दयानंद पार्क परिसर सोसाइटी में पार्क के नवीनीकरण के कार्य का शुभारंभ किया गया। महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने नारियल फोड़कर विकास कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस कार्य की लागत 9 लाख से अधिक है। इस अवसर पर आर डब्लू ए अध्यक्ष डी एन कौल, अभिषेक श्रीवास्तव, रवि भूषण प्रसाद, सुमन झा, सुनील शर्मा, सुमन सती, प्रवीण शर्मा, उमेश भंडारी, नवनीत भारती, रजत श्रीवास्तव, डिंपल चौधरी, रविंद्र जैन, प्रीति शर्मा, राजन कुमार, जीपी सिंह, करण सिंह, आशुतोष शर्मा, प्रदीप शर्मा, शरद चौधरी, महेंद्र अग्रवाल आदि सभी गणमान्य सदस्यों के साथ आर डब्ल्यू ए के सभी पदाधिकारियों की एवं क्षेत्रीय निवासियों की गरिमामय उपस्थिति रही!

# अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई 7 वाहनों का चालान

## 2 ई-रिक्शा और 2 प्राइवेट वैन जब्त




**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में परिवहन विभाग ने अवैध वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। यह अभियान 1 जून 2025 को शासन के निर्देश पर शुरू किया गया। जोकि 15 जून तक चलेगा। इस अभियान में राजस्व को चूना लगाने वाले वाहन जब्त किए जाएंगे। एआरटीओ रमेश चौबे और पीटीओ आशुतोष उपाध्याय के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में कई कार्रवाइयां की गईं। विभाग ने 7 वाहनों का चालान किया। 2 अपंजीकृत ई-रिक्शा को जब्त किया गया। साथ ही, सवारियां ढोने के अपराध में 2 प्राइवेट वैन को टीपी नगर चौकी में रखा गया।

परिवहन विभाग ने वाहन चालकों को सिर्फ वैध दस्तावेजों के साथ वाहन चलाने की हिदायत दी। उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया गया। यह अभियान 15 जून तक लगातार जारी रहेगा। विभाग ने वाहन मालिकों से कुछ महत्वपूर्ण अपील की हैं। जिन ई-रिक्शा का पंजीकरण नहीं हो सकता, उन्हें स्वयं स्क्रैप करवाएं। प्राइवेट वाहनों को सवारी ढोने के लिए टैक्सी में बदलकर परमिट लें। स्कूली वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट अवश्य अपडेट करवाएं।


* रस्म पगड़ी *

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी परम पूज्या माताजी



श्रीमती कमल बाला गर्ग
धर्मपत्नी: श्री शिव कुमार गर्ग

सांसारिक यात्रा पूर्ण कर के दिनांक 21 मई 2025, दिन बुधवार को प्रभु चरणों में ली
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु निम्न कार्यक्रम है:

सोमवार, 02 जून 2025
हवन ........................................ प्रातः 8 बजे
ब्राह्मण भोज ........................................ प्रातः 11 बजे
निज स्थान: 146 बाग भाटियारी, निकट जी.टी. रोड, गाज़ियाबाद

प्रसादी ........................................ दोपहर 12:30 बजे
श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी ...................... दोपहर 3 बजे से
कार्यक्रम स्थल
हिंदी भवन – लोहिया नगर, गाज़ियाबाद

शोकाकुल
गौरव गर्ग (पुत्र) , प्रियेशु गर्ग (पुत्र)
एवं समस्त गर्ग परिवारजन
Mobile: 9917472346





▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वसुंधरा वाले मंडल में नहीं आ रही है सौंफ की खुशबू? वसुंधरा वाले शर्मा ही का नहीं दिख रहा वसुंधरा की पोलिटिक्ल धरा पर एक्टिव वाला कर्मा? सुना है उन्होंने बना ली है मंडल वाली पोलिटिक्ल एक्टिविटी से दूरी? वो अब नहीं रख रहे हैं मंडल में होने वाले किसी भी आयाम में से कोई कनैक्टिविटी? पूछ रहा है मंडल कि क्या वास्तव में बना ली है दूरी या कोई आ गई है सियासी मजबूरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बढ़ गई मेयर के जवाब को सुनकर एक अवर अभियन्ता की चिंता? सुना है मेयर पहुंची थी उद्घाटन करने के लिए बृज वाले विहार में? पार्षद बोले मेयर से मैडम अवर अभियन्ता का भी स्वागत कर दो उपहार में? इतना सुनते ही मैडम पार्षद ने चेहरा घुमाया और अपनी नजरों को जेई के चेहरे पर टिकाया? पूछ लिया पार्षद से कि ऐसा क्या कर दिया जेई ने जो करवाना चाहते हो सम्मान? इसके बादे मैडम मेयर ने जेई को देखा और कहा कि इन्होंने ही बनाया है इस्टीमेट? सुना है ये शब्द सुनते ही जेई ने अपने कदमों को धीरे-धीरे पीछे खींचा और वहां से हो गये आउट ऑफ सीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व वाले मंडल प्रधान के शब्दों ने जारी कर दी सियासत की नई नीति? फूल वालों के कार्यक्रम में पहुंचे थे पूर्व वाले मंडल प्रधान? उन से कर किसी मंडल वाले ने ही ये सवाल? अब आप आ ही गये तो हो दोनों गुटों में सुलह कराओ और खत्म करा दो ये बवाल? पूर्व मंडल अध्यक्ष वालों ने जो जवाब दिया उसे सुनकर रह गये सब हैरान? उन्होंने कहा कि यहां सुलह की इतनी जरूरत नहीं जितनी कलह की आवश्यकता है? अगर इनमें हो गई सुलह तो हमें कौन पूछेगा? इसलिए जैसा चल रहा है वैसा चलने दो श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूपीसीडा की है पार्षदों के मन में एक अलग ही पीड़ा? यूपीसीडा के अधिग्रहण ने लगा दिया है कई पार्षदों के पार्षदी अरमानों पर ग्रहण? सुना है नदिया पार के औद्योगिक क्षेत्र वाले दो पार्षद हैं यूपीसीडा के आने से परेशान? दोनों पार्षद पहले रख रहे थे इण्ड्रस्ट्रियल एरिया में एक-एक गतिविधि का ध्यान? मगर अब उनके हाथ से चली गई है ये कमान? अब फैक्ट्री वालों से लेकर ठेली वालों को भी पता चल गई है अंदर की ये बात? अब यहां पर कुछ नहीं बचा है, मैम्बर के हाथ? वार्ड का परिसीमन होने के बाद यूपीसीडा की इस एन्ट्री ने दे दी है नदिया पार के दो पार्षदों को टेंशन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिराजी वाले पुरम में व्हाट्सऐप ग्रुप पर मंडल अध्यक्ष की चल रही है पूरी मर्जी? उन्होंने ग्रुप को कर दिया है एडमिन मोड पर और कोई भी किसी को बधाई नहीं दे सकता? केवल मंडल अध्यक्ष को छोड़कर? कहने वाले ने कहा कि कोई कितनी भी लगा रहे अर्जी? लेकिन मंडल अध्यक्ष उसे ही ग्रुप पर बधाई देंगे जिसे देने की होगी उनकी मर्जी? कहने वाले ने कहा कि अगर उन्होंने ग्रुप कर दिया है एडमिन मोड पर? तो आप भी पर्सनल पर बधाई दे सकते हैं, ग्रुप को छोड़कर? मंडल वाले चाहते हैं कि ग्रुप पर भी होनी चाहिए अभिव्यक्ति वाली फ्रीडम? ये तो ठीक नहीं है कि पब्लिक का ही ग्रुप हो और पब्लिक ही ना रख पाये अपनी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आ रही है नदिया पार के एक पार्षद की लोकेशन मनाली वाली? क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रहे हैं वार्ड में अहिल्याबाई वाले प्रोग्राम तो वो क्यों चले गये वो मनाली? कहने वाले ने कहा कि संगठन वालों को मिली है ये जिम्मेदारी और पार्षदों के लिए अनिवार्य नहीं है इसमें भागीदारी? मैम्बर की मर्जी है वो चाहे शिमला घूमे या मनाली? ये तो उन्हें देखना है जिन्हे मिली है मंडल में जिम्मेदारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के दल में नहीं दिखाई दे रहा है वो बल? वो बदल-बदल कर देख रहे हैं मोहरें? मगर, उनके पास है गिनती के चेहरे? पुराने कांग्रेसी ने खोल दी पोल, जब निकले उनकी जुबान से बोल? पुराने कांग्रेसी ने कहा- सबसे पहले गाजियाबाद में साफ करनी होगी खरपतवार? किन चेहरों को पुराने कांग्रेसी मान रहे हैं कांग्रेस के लिये खरपतवार? क्या उनका निशाना था नदिया के उस पार या लाइन के इस पार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर की कथा वाले वीडियो तलाश रहा है कोई पूरी शिद्दत के साथ? क्या भगवा ठाकुर लेडी की मौजूदगी का कोई ढूंढ रहा है सबूत? कहने वाले ने कहा- तलाशी जा रही है उन नामों की लिस्ट? जो गए थे बद्रीनाथ की तरफ बनकर टूरिस्ट? सुना है आने वाला है भगवा वालों की कहानी में कोई बड़ा ट्विस्ट? सुना है, कथा वाली कहानी में होने वाली है किसी की रवानी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी तो सरकारी कृपा वाले सीन में नहीं है 12 बीघे में कोई दाना? कहने वाले ने कहा कि अभी तो तैयार भी नहीं हुई कोई लिस्ट और ना ही चल रहा है लखनऊ में कोई फसाना? कहने वाले ने कहा कि पहले वाली लिस्ट की किसी गारंटी पर मत जाना? अब पहले प्रदेश में आएंगे संगठन के सरताज और उसके बाद ही बनेगी किसी की बात? कहने वाले ने कहा कि अब नए सिरे से भेजे जाएंगे सरकारी कृपा वाले नाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथी वालों की पॉलिटिक्स में सूख रही है नीली इंक? महावत अब नहीं रखते हैं जनता से लेकर मीडिया तक किसी से कोई लिंक? पुराने महावत हो चुके हैं दूसरे जिलों की तरफ शिफ्ट? नए महावतों को अभी ये पता ही नहीं कि चुनावी तैयारियों का बज चुका है बिगुल? वो लगे हैं फैक्टर बनाने में?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नेफेड के अध्यक्ष जेठा भाई आहिर को उनके जन्मदिन पर संदीप मोदी ने बधाई शुभकामनाएं दी। संदीप मोदी ने जेठा भाई आहीर के यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की भी प्रार्थना की। जन्मदिन की इस खुशी को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया और जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।